दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 03 अक्टूबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 284 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# धू-धू कर जला रावण, हुई बुराई पर अच्छाई की विजय

## कवि नगर से लेकर घंटाघर तक सांसद अतुल गर्ग रहे अतिथि





करंट क्राइम। संजय नगर रामलीला में रावण वध का दृश्य ।



### राज नगर, संजय नगर, वसुंधरा, इंदिरापुरम और साहिबाबाद सहित शहर की अन्य रामलीलाओं में हुआ पुतलों का दहन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को दशहरे के अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम शहर की प्रमुख लीलाओं में हुआ। इस दौरान कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित श्री धार्मिक रामलीला समिति की रामलीला में लगभग आठ बजे के आसपास रावण की पुतले को सांसद अतुल गर्ग ने आग लगाकर दहन किया। तो वहीं उनके साथ इस दौरान मुरादनगर विधानसभा सीट से विधायक अजीत पाल त्यागी, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेहंदी वाले सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा, अजय जैन, गुलशन बजाज, गौरव चौपड़ा, अनिल जैन, विवेक मित्तल, विपुल शर्मा व अवनीश गर्ग सहित अन्य लोगों ने आए अतिथियों का स्वागत किया।

### कवि नगर में फूंका गया 80 फुट का रावण

करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में श्रीधार्मिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के मेले में गुरुवार को रावण के पुतले का दहन किया गया। यहां रावण का पुतला लगभग 80 फीट ऊंचा बनाया गया था। साथ ही इसकी गर्दन और सिर दोनों ही 180 डिग्री पर घूम रहे थे। दूर से ही इसकी लाइटिंग और रोशनी मेले में आए लोगों को आकर्षित कर रही थी। जैसे ही मेघनाद, कुंभकरण और रावण के पुतले को अतिथियों ने जलाया तो वह धूं-धूं करके जलने लगे। इस दौरान लोगों ने वीडियो और सेल्फी भी बनाई। तो रावण के पुतला दहन के साथ बुराई पर अच्छाई के पर्व की लोगों ने दूसरे को शुभकामना दी।



### जब धोती कुर्ता में नजर आए सांसद अतुल गर्ग

करंट क्राइम : रामलीला कवि नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद अतुल गर्ग पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। उन्होंने सफेद रंग का धोती-कुर्ता और कुर्ता-पजामा पहना हुआ था। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनकी पारंपरिक पोशाक की तारीफ की और इसे सांस्कृतिक सम्मान का प्रतीक बताय गया।

### घंटाघर की सुल्लामल रामलीला में भी देर रात तक रही भीड़, आतिशबाजी से जगमग हुआ मैदान

करंट क्राइम : शहर की पुरानी और ऐतिहासिक कहीं जाने वाली घंटाघर स्थित सुल्लामल रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में दशहरे के अवसर पर रावण, मेघनाद और कुंभकरण का पुतला दहन किया गया। जैसे ही अतिथि ने इन पुतलों को आग के हवाले किया। इनकी आतिशबाजी का शोर दूर तक पहुंच गया और रोशनी से पूरा रामलीला मैदान जगमग हो उठा। इस दौरान रामलीला समिति के पदाधिकारी ने आए अतिथियों का स्वागत भी किया।

### राजनगर में विधायक अजीत पाल त्यागी रहे मौजूद

करंट क्राइम : राजनगर सेक्टर-10 स्थित रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला के रावण दहन कार्यक्रम में विधानसभा मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी पहुंचे। यहां रामलीला समिति राजनगर के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। तो यहां पुतला दहन कार्यक्रम हुआ। इसके साथ ही विजयनगर, संजय नगर, साहिबाबाद व इंदिरापुरम सहित दर्जनों छोटी बड़ी रामलीलाओं में गुरुवार की देर रात तक रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### डीसीपी सिटी ने पुलिस बल के साथ किया निरीक्षण



करंट क्राइम : गुरुवार को दशहरे का पर्व था और रामलीला मेले में अपार भीड़ थी। इसको देखते हुए डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य, थाना प्रभारी कवि नगर अनुराग शर्मा सहित कई थानों की फोर्स और पीएसी के जवानों ने यहां सुरक्षा की कमान संभाली हुई थी। इसके साथ ही रामलीला समिति कवि नगर की ओर से निजी सुरक्षा कर्मियों को भी अलग-अलग स्थान पर तैनात किया गया था। हालांकि भीड़ बढ़ने और ट्रैफिक जाम की वजह से लोगों को थोड़ी देर परेशान भी होना पड़ा। तो कई बार समिति को एंट्री और एग्जिट गेट भी भीड़ की वजह से बंद करने पड़े।

### आज होगा नाटिका महिषासुर मर्दिनी दुर्गा का मंचन

करंट क्राइम : शुक्रवार को भगवान राम की आरती का आयोजन होगा। भव्य नाटिका महिषासुर मर्दिनी दुर्गा का मंचन किया जाएगा। शनिवार को शाम महोत्सव के अंतर्गत श्याम बाबा का गुणगान किया जाएगा। 5 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ड्रोन शो के साथ आतिशबाजी कर रामलीला महोत्सव का समापन होगा। यह जानकारी रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल और महामंत्री भूपेंद्र चौपड़ा ने दी है।

# पीएम मोदी के आगमन के मद्देनजर ट्रिपल लेयर की रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

## हिंडन में पैरा कमांडो रखेंगे नजर, आसमान से लेकर जमीन तक रहेगी निगरानी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना का स्थापना दिवस है और स्थापना दिवस के अवसर पर इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो सकते हैं। वह तीनों सेनाओं के अध्यक्षों से सलामी लेने का काम करेंगे। तो वहीं भारतीय वायु सेवा के गौरवशाली इतिहास के बारे में भी मंच से कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एजेंसियों से लेकर गाजियाबाद की अलग-अलग एजेंसियों ने काम करना शुरू कर दिया है। उधर पुलिस-प्रशासन के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम हिंडन एयरबेस में रहेगा। तो वह सुरक्षित विमान से हिंडन में ही उतरेंगे। हालांकि प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल को देखते हुए सड़क से लेकर रैपिड रेल वाला प्रोटोकॉल भी रिजर्व में रखा जाएगा। इसके लिए सुरक्षा का ट्रिपल लेयर घेरा बनाया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारियों और जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। कई जिलों व कमिश्नरेट से पुलिस व अधिकारियों की मांग भी हो रही है।

### पीएम मूवमेंट को लेकर पैरा कमांडो संभालेंगे एयर बेस की कमान



करंट क्राइम : वायु सेवा और अन्य अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंडन एयर फोर्स के सालाना कार्यक्रम में आते हैं। तो यहां की सुरक्षा व्यवस्था और हिंडन एयरफोर्स की चार दिवारी की सुरक्षा का जिम्मा खासतौर पर वायु सेवा के विशेष ट्रेड पैरा कमांडो को सौंपी जाएगी। जो बड़ी संख्या में अलग-अलग गेट और प्रमुख हिस्सों पर तैनात होंगे। वह हवा से लेकर जमीन तक निगरानी रखने के साथ ही कई तरीके के खुफिया सिक्योरिटी से लैस रहेंगे।

### 6 अक्टूबर को होगा फुल ड्रेस रिहर्सल

करंट क्राइम : हिंडन एयरफोर्स में आयोजित होने वाले वायुसेना के स्थापना दिवस से पूर्व 6 अक्टूबर को हिंडन में फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। जिसमें डमी चीफ गेस्ट से लेकर सेना के तीनों सेना प्रमुख, विशिष्ट अतिथि और गणमान्य को सलामी देने के साथ ही वायु सेवा के उन जांबाज जवानों को भी पुरूस्कृत करने का अभ्यास किया जाएगा। जिन्होंने बीते कुछ सालों में भारतीय वायु सेवा का मान बढ़ाने का काम किया है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच जिस तरीके का माहौल था। तो वहीं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार हिंडन के एयर बेस और आसमान में भारतीय वायु सेवा के प्रमुख लड़ाकू विमान और युद्धक विमान नजर आ सकते हैं। हालांकि इस बार जानकारी मिल रही है कि एयर शो बहुत लंबा ना होकर प्रधानमंत्री या सेना के तीनों प्रमुख को सलामी देने वाला रहेगा।

# डीएम और कमिश्नर की टीम ने शांतिपूर्वक संपन्न करवाए त्यौहार

## नहीं हुआ कोई बड़ा बवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार, यूपी पुलिस और गाजियाबाद जिला प्रशासन का मिशन शक्ति वाला अभियान बीते 9 दिनों से लगातार जारी था। मिशन शक्ति का अभियान पूरा हुआ है। तो त्योहारों का पहला पखवाड़ा भी समाप्त हुआ है। अब पुलिस प्रशासन को आने वाले अन्य त्योहारों को लेकर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का प्लान बनाना है। तो वहीं दीपावली जैसे त्योहार के लिए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को करना होगा। कुल मिलाकर नवरात्र, दुर्गा पूजा और रामलीलाओं के आयोजन सफलतापूर्वक हुए हैं। कोई बड़ा हादसा और दिल दहलाने वाली घटना इस बार सामने नहीं आई है। हालांकि छुटपुट घटनाओं के बीच कहा जाए तो पूरा त्यौहार सीजन शांतिपूर्वक बीत गया है।



### लगातार चलाया गया मिशन शक्ति अभियान

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से लेकर प्रशासन की ओर से मिशन शक्ति का अलग-अलग दिन अलग-अलग स्तर पर अभियान चलाया गया है। खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड से लेकर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की टीम ने इस मिशन को सफल बनाने के लिए दर्जनों कार्यक्रम आयोजित किए। खुद दोनों प्रमुख अधिकारियों के साथ उनकी टीम भी पूरे इस अभियान में एक्टिव मोड में नजर आई है ।

### मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद फील्ड पर उतरे सभी बड़े अधिकारी

करंट क्राइम : बीते दिनों लखनऊ से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर को दुर्गा पूजा, रामलीलाओं और नवरात्र समापन, मूर्ति विसर्जन जैसे आयोजनों को लेकर सड़क पर उतरने और अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिए था। इसका असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और जिला प्रशासन के स्तर पर भी देखने को मिला है। डीएम, एडीएम और एसडीएम स्तर के अधिकारियों से लेकर खुद एडिशनल सीपी, डडीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारी अलग-अलग आयोजनों में मौजूद रहे और सभी व्यवस्थाओं को शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया है।

# राकेश टिकैत ने यूपी गेट पर हवन और किसान क्रांति दिवस मनाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने 2 अक्तूबर को यूपी गेट पर हवन और किसान क्रांति दिवस के अवसर पर कहा कि तानाशाही से निपटने के लिए किसानों की एकजुटता और आंदोलन जरूरी है। किसान साल 2018 में रोक दी गई किसान क्रांति यात्रा की याद में हर साल 2 अक्तूबर को यूपी गेट पर इकट्ठा होते हैं। इस अवसर पर गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस ने भारी सुरक्षा व्यवस्था की। सुबह से ही पुलिस बैरिकेड लगाकर एनएच-9 के मार्ग को नियंत्रित कर रही थी। साढ़े दस बजे तक बड़ी संख्या में किसान नेता पहुंचे और हवन शुरू हुआ। हवन के बाद राकेश टिकैत ने कई स्थानों पर किसानों की समस्याओं और आंदोलन की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि प्रदर्शन के लिए हर जिले में जगह तय करें और आवश्यकता पड़ने पर ट्रैक्टरों का प्रयोग कर आंदोलन को मजबूत बनाएं। इसके बाद राकेश टिकैत और सैकड़ों नेता मार्च निकालते हुए दिल्ली पुलिस द्वारा लगाए बैरिकेड गिराकर यूपी गेट लौटे।

# राहुल गांधी का कोलंबिया से मोदी सरकार पर निशाना
# बोले लोकतंत्र पर हमला भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। दक्षिण अमेरिकी राज्य कोलंबिया में एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहा हमले है। वर्तमान में इस पर हमला किया जा रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिणी अमेरिकी राज्य कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटीमें इंजीनियरिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहे हमले का है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही



है। ऊर्जा संक्रमण और वैश्विक शक्तियां कांग्रेस नेता ने इतिहास का उदाहरण देते हुए कहा कि सुपरपावर बनने का सफर ऊर्जा परिवर्तन से जुड़ा होता है। ब्रिटेन ने कोयला और स्टीम इंजन पर कब्जा किया और साम्राज्य बनाया। अमेरिका ने कोयले से पेट्रोल और इंटरनल कम्बशन इंजन की ओर बदलाव का नेतृत्व किया। अब दुनिया पेट्रोल से बैटरी और इलेक्ट्रिक मोटर की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज असली मुकाबला अमेरिका और चीन के बीच इसी ट्रांजिशन को लेकर है और अभी तक चीन बढ़त बनाए हुए है। भारत इस टकराव के बीचों-बीच खड़ा है।

भारत की क्षमता और चुनौतियां

राहुल गांधी ने कहा कि भारत की जनसंख्या चीन से भी ज्यादा है और उसकी विविधता उसकी ताकत है। भारत के पास प्राचीन आध्यात्मिक और वैचारिक परंपरा है, जो आज की दुनिया के लिए बहुत उपयोगी है। लेकिन भारत की सबसे बड़ी समस्या रोजगार सृजन है। उन्होंने कहा, 'हमारी अर्थव्यवस्था सेवा-आधारित है, इस कारण हम पर्याप्त उत्पादन और नौकरियां नहीं दे पा रहे हैं। चीन ने बिना लोकतंत्र के उत्पादन दिखाया है। लेकिन भारत को उत्पादन का ऐसा मॉडल विकसित करना होगा, जो लोकतांत्रिक ढांचे में रहते हुए चीन से प्रतिस्पर्धा कर सके।'

अमेरिका और बेरोजगारी का मुद्दा

राहुल गांधी ने अमेरिकी राजनीति का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ध्रुवीकरण की राजनीति मुख्य रूप से उन बेरोजगारों को निशाना बनाती है, जिनकी नौकरियां विनिर्माण क्षेत्र में चली गईं। भारत में भी बेरोजगारी एक गंभीर समस्या है, और इसे हल किए बिना लोकतंत्र और समाज पर दबाव बढ़ता जाएगा।

### भारत की ताकत और चीन से फर्क

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है। चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है। भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं। उन्होंने कहा, 'भारत का सिस्टम बहुत जटिल है। हमारी ताकत इसी विविधता में है। हम चीन की तरह लोगों को दबाकर तानाशाही नहीं चला सकते। भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले।'

### 'लोकतंत्र पर हमला सबसे बड़ा खतरा'

राहुल गांधी ने कहा कि भारत एक संवाद है, जहां अलग-अलग धर्म, विचार और परंपराएं साथ रहती हैं। लोकतंत्र इन सभी को जगह देता है। आज इसी व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला हो रहा है। उन्होंने चेताया कि अगर अलग-अलग भाषाओं, धर्मों और परंपराओं को दबाया गया तो देश में दरारें गहरी होंगी।

# दिल्ली के कई इलाकों में बारिश से बदला मौसम
# नोएडा में झमाझम बरस रहे बदरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आज दोपहर बाद अचानक बारिश हुई। बारिश की वजह से कई दुर्गा विसर्जन स्थलों पर पानी भर गया तो कहीं रावण के पुतले बरसात में भिग गए हैं।



दिल्ली समेत एनसीआर में गुरुवार शाम को अचानक से मौसम बदल गया। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे। दोपहर होते-होते दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। वहीं शाम को अचानक से दिल्ली, नोएडा में झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का असर दुर्गा मां के विसर्जन स्थलों पर भी दिख रखा है। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी।

पश्चिमी विक्षोभ की दस्तक से हो सकती है बारिश

राजधानी में 4 अक्तूबर से नया तीव्र पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। मौसम विभाग की मानें तो इसका उत्तर-पश्चिम भारत के विभिन्न इलाकों पर तगड़ा असर नजर आएगा।

मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वोत्तर अरब सागर और समीपवर्ती सौराष्ट्र तट पर बने निम्न दबाव के क्षेत्र से जुड़े साइक्लोनिक सकुर्लेशन से एक ट्रफ पूर्वी राजस्थान होते हुए दक्षिण-पश्चिम यूपी तक बनी है। इसका मैदानी इलाकों पर भी असर देखा जा रहा है।

मौसम विभाग ने 6 और 7 अक्तूबर को दिल्ली में मौसम खराब रहने का पूवार्नुमान जारी किया है। इस दौरान आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। दिल्ली एनसीआर में 6 और 7 अक्तूबर को विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई गई है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे से लेकर 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक की स्पीड से तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

# बरेली में जुमा को लेकर अलर्ट... दो दिन के लिए इंटरनेट सेवा बंद, शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**बरेली।** बरेली में बीते शुक्रवार को हुए बवाल के बाद दो दिन तक इंटरनेट सेवा बंद रही थी। इसके बाद से हालात सामान्य हैं। हालांकि सुरक्षा के मद्देनजर जुमा से पहले बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे से इंटरनेट सेवा फिर बंद कर दी गई है। बीएसएनएल के जीएम ने इसकी पुष्टि की है।

बरेली जिले में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। दशहरा और इसके बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए चौकसी और बढ़ा दी गई है। शहर के हालात देखते हुए दूसरे जिलों से आई पुलिस को चार अक्तूबर तक रोक लिया गया है। वहीं शासन के निर्देश पर जिले में इंटरनेट सेवा फिर बंद कर दी गई है। जारी आदेश में बताया गया है कि बृहस्पतिवार दोपहर तीन बजे से चार अक्तूबर यानी शनिवार को तीन बजे तक इंटरनेट सेवा बंद रहेगी।

खबर फैलते ही लोगों में मची खलबली बृहस्पतिवार दोपहर में




इंटरनेट बंद होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो लोग एक-दूसरे को आदेश की कॉपी भेजते रहे। दो दिन के लिए दोबारा इंटरनेट बंद होने से लोगों में खलबली मच गई। परिचितों से पता करते रहे।

इस संबंध में बीएसएनएल के जीएम पंकज पोरवाल ने बताया कि शासन के निर्देश पर दो दिन के लिए इंटरनेट सेवा को बंद किया गया है। इस दौरान एसएमएस भी नहीं कर सकेंगे। बता दें कि पिछले शुक्रवार को हुए बवाल के बाद जिले में दो दिन तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। एसपी साउथ ने बताया कि महिला एसओजी की वीरांगना यूनिट के साथ महिला क्यूआरटी की छह टीमें तैनात की गई हैं। प्रत्येक टीम में 30-35 कर्मी हैं। क्यूआरटी हर तरह की चुनौतियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम हैं। कंट्रोल रूम से भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जहां भी भीड़ जमा होती दिखेगी, अलर्ट जारी कर दिया जाएगा और संबंधित बल को तैनात कर दिया जाएगा।

### दशहरा और जुमा पर पुलिस अलर्ट

शहर में हालात पूरी तरह सामान्य हैं। आम दिनों की तरह बाजार में चहल-पहल है। वहीं दशहरा और इसके बाद जुमे की नमाज को देखते हुए सुरक्षा बढ़ाई है। पुलिस प्रशासन के अफसर लगातार भ्रमणशील हैं। एसपी साउथ अंशिका वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने बृहस्तपिवार को शहर के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया।

# 'कराची का रास्ता सर क्रीक से होकर गुजरता है...', राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को चेतावनी

**कच्छ।** राजनाथ सिंह ने सीमा विवाद को लेकर भी पाकिस्तान पर निशाना साधा। राजनाथ सिंह ने कहा, आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक क्षेत्र में सीमा विवाद को हवा दी जा रही है। भारत ने इसे बातचीत के जरिए सुलझाने के कई प्रयास किए हैं, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उनकी नियत साफ नहीं है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजयदशमी के अवसर पर गुजरात के कच्छ में शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद भारतीय सैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि, अगर पाकिस्तान की ओर से सरक्रीक क्षेत्र में कोई दुस्साहस किया गया, तो उसे ऐसा निर्णायक जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। उन्होंने कहा, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है, लेकिन सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी।



उन्होंने कहा कि भारतीय सेना और बीएसएफ संयुक्त रूप से और सतर्कतापूर्वक भारत की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। यदि पाकिस्तान की ओर से सर क्रीक क्षेत्र में कोई दुस्साहस करने की कोशिश की गई, तो उसका इतना निर्णायक जवाब दिया जाएगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। 1965 के युद्ध में भारतीय सेना ने लाहौर तक पहुंचने की क्षमता का प्रदर्शन किया था। आज 2025 में पाकिस्तान को याद रखना चाहिए कि कराची जाने का एक रास्ता सर क्रीक से होकर गुजरता है।

'भारतीय सेना जब चाहे और जहां चाहे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती है'

राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारत की रक्षा प्रणाली में सेंध लगाने का असफल प्रयास किया, लेकिन भारतीय सेना ने पाकिस्तानी वायु रक्षा तंत्र की ₹पदार्फाश₹ कर दुनिया को यह संदेश दिया कि वह दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पाकिस्तान ने लेह से सर क्रीक तक भारत की रक्षा प्रणाली में सेंध लगाने का असफल प्रयास किया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि अपनी जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया और दुनिया को यह संदेश दिया कि भारतीय सेना जब चाहे और जहां चाहे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। भारत ने संयम इसलिए दिखाया क्योंकि उसकी सैन्य कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ थी।

उन्होंने कहा, आतंकवाद को बढ़ाना और युद्ध छेड़ना ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य नहीं था। मुझे खुशी है कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी सैन्य उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। लेकिन आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है।

### पाकिस्तान की नीयत में खोट है- राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने सीमा विवाद को लेकर भी पाकिस्तान पर निशाना साधा। राजनाथ सिंह ने कहा, आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक क्षेत्र में सीमा विवाद को हवा दी जा रही है। भारत ने इसे बातचीत के जरिए सुलझाने के कई प्रयास किए हैं, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उनकी नियत साफ नहीं है। जिस तरह से पाकिस्तानी सेना ने हाल ही में सर क्रीक से सटे इलाकों में अपने सैन्य ढांचे का विस्तार किया है, उससे पाकिस्तान के गलत इरादों का पता चलता है।

### 'भारत न केवल शस्त्रों की पूजा करता है, बल्कि समय आने पर उनका प्रयोग करना भी जानता है'

दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा से पहले गुजरात के भुज स्थित एक सैन्य अड्डे पर सैनिकों के एक समूह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, शस्त्रों के प्रति समर्पण आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्ति की विजय की महानता को दशार्ता है। इसलिए जब हम शस्त्रों की पूजा करते हैं, तो हम इस शक्ति का उपयोग केवल धर्म और न्याय की रक्षा के लिए करने का संकल्प भी लेते हैं। भगवान राम ने अपने जीवन में इसी संकल्प का परिचय दिया। जब उन्होंने रावण के विरुद्ध युद्ध किया, तो उनके लिए वह युद्ध केवल विजय का साधन नहीं, बल्कि धर्म की स्थापना का साधन था। यहां तक कि जब महाभारत का युद्ध भगवान कृष्ण के मार्गदर्शन में लड़ा गया, तो उसका उद्देश्य पांडवों की विजय सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि धर्म की स्थापना करना था। शस्त्रों की पूजा इस बात का प्रतीक है कि भारत न केवल शस्त्रों की पूजा करता है, बल्कि समय आने पर उनका प्रयोग करना भी जानता है।

# आगरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा...
# उटंगन नदी में डूबे 10 लोग, तलाश में जुटे गोताखोर



**आगरा।** आगरा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। खेरागढ़ क्षेत्र में उटंगन नदी में 10 लोग डूब गए। डूबे हुए लोगों की तलाश में गोताखोर जुटे हुए हैं। आगरा के खेरागढ़ क्षेत्र में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। उटंगन नदी में 10 लोग डूब गए। इनमें से तीन लड़कों को बाहर निकाल लिया गया। अन्य की तलाश में गोताखोर जुटे हुए हैं।

गांव कुसियापुर के ग्रामीण दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए बृहस्पतिवार को उटंगन नदी पहुंचे थे। यहां प्रतिमा विसर्जन के दौरान 10 लोग नदी के गहरे पानी में डूब गए। इससे चीखपुकार मच गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने नदी में डूबते तीन लड़कों को बाहर निकाल लिया। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। डूबे लोगों की तलाश में गोताखोर जुटे हुए हैं।

जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने बताया कि दोपहर में सात से आठ लोगों के डूबने की सूचना मिली थी। तत्काल टीम मौके पर पहुंची। तीन लड़कों को बाहर निकाला गया है। उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद एसएन मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए भेजा गया है। अन्य लोगों की तलाश में गोताखोर जुटे हुए हैं।

# लेह हिंसा पर न्यायिक जांच के आदेश, चार सप्ताह में सौंपनी होगी रिपोर्ट, चार लोगों की गई थी जान

**जम्मू।** लेह के उपायुक्त ने इस मामले में आदेश जारी करते हुए नुब्रा उपमंडल मजिस्ट्रेट मुकुल बेनीवाल को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। बेनीवाल को इस जांच को चार हफ्ते में पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। लेह के उपायुक्त ने इस मामले में आदेश जारी करते हुए नुब्रा उपमंडल मजिस्ट्रेट मुकुल बेनीवाल को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। बेनीवाल ने जनता से अपील की है कि यदि किसी के पास घटना से संबंधित कोई जानकारी है तो वे 4 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक कार्यालय समय के दौरान उपायुक्त कार्यालय लेह के कॉन्फ्रेंस हॉल में उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'सभी संबंधित लोगों से निवेदन है कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए सहयोग प्रदान करें।'

**कर्फ्यू में आठ घंटे ढील दी गई** : लेह में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। प्रशासन की ओर से बुधवार को कर्फ्यू में कुल आठ घंटे ढील दी गई थी। सुबह 10 बजे से लेकर शाम छह बजे तक बाजार खुले। सड़कों और दुकानों पर चहल-पहल रही। स्कूल-कॉलेज बंद रहे। इंटरनेट सेवा भी फिलहाल कल तक के लिए बंद की गई है। उधर, लद्दाखी छात्रों के देश के अलग-अलग राज्यों में बने संगठनों ने गृह मंत्रालय को ज्ञापन भेजकर लेह हिंसा की न्यायिक जांच की मांग उठाई और मारे गए प्रदर्शनकारियों के परिवारों को उचित मुआवजे की मांग की।




### आंदोलन 24 सिंतबर को हिंसक हो गया

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए पूर्ण राज्य के दर्जे और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन 24 सिंतबर को हिंसक हो गया। इस हिंसा में चार लोगों की जान चली गई। उपद्रवियों ने लेह स्थित भाजपा कार्यालय को आग लगा दी। हालात पर काबू पाने के लिए अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाना पड़ा। सरकार ने इस हिंसा के लिए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया। अगले दिन उनके एनजीओ का एफसीआरए लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया। लद्दाख के उप-राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने इस सुनियोजित साजिश बताया।

# हादसा : छह की मौत, सीसीटीवी में कैद आखिरी लम्हा



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में करनाल के फरीदपुर में व्यापारी महेंद्र जुनेजा की लंबी बीमारी से मौत के बाद परिवार और रिश्तेदार गमजदा थे। अस्थियां विसर्जित करने के लिए दो कारों में 11 लोग सवार होकर हरिद्वार के लिए निकले।

सुबह साढ़े छह बजे मौत ने बघरा बाईपास पर झपट्टा मारा तो जिंदगी फिर बेबस हो गई। फरीदपुर से जट मुझेड़ा में पोस्टमार्टम हाउस तक आंसू, अफसोस और मातम छाया रहा। पानीपत-खटीमा हाईवे के ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में मौत का लम्हा भी कैद हुआ। हाईवे पर फरार्टा भर रही कार एकाएक अनियंत्रित हो गई। सिर्फ पांच सेकंड में छह लोगों की मौत ने सबको झकझोर कर रख दिया। पिछली सीट पर बैठे हार्दिक (17) की जान बच गई। पानीपत से आए भीम जुनेजा बोले कि अब कहने के लिए क्या बचा है। पहले बीमारी से परिवार का मुखिया चला गया और अब हादसे में छह लोगों की मौत रुलाने वाली है। बच्चों को हिम्मत बंधाते हुए बड़ों का सब्र यहां जवाब दे रहा है। पानीपत से आए हेमंत ने कहा कि परिवार पर गम का पहाड़ टूट पड़ा है। तितावी थाने से पहले बघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और इसके बाद जिला अस्पताल। दोपहर के समय परिवार के लोग जट मुझेड़ा स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पानीपत और करनाल के लोगों को देखकर आंसू छलक पड़े।

### मुजफ्फरनगर में ट्रक में घुसी कार, मां-बेटे और दंपती समेत छह की मौत

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के तितावी थाना इलाके के बघरा बाईपास पर एक अनियंत्रित अर्टिगा कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में करनाल के फरीदपुर से अस्थियां लेकर हरिद्वार जा रहे छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में मोहिनी (49), उनका बेटा पीयूष, ननद अंजू एवं विन्नी कामरा, ननदोई राजेंद्र कामरा और ड्राइवर शिवा शामिल हैं। जबकि छोटा बेटा हार्दिक घायल है। उसका इलाज पानीपत के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। ये सभी लोग व्यापारी महेंद्र जुनेजा की अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार जा रहे थे।

### कैसे रुकते आंसू... हाईवे पर इधर-उधर पड़े थे अपने

दूसरी गाड़ी में पीछे चल रहे दिवंगत महेंद्र जुनेजा के भाई सुरेंद्र, हातम प्रकाश और बहन मंजू हादसे के बाद सकते में आ गए। लोगों की मदद से एक-एक कर कार में फंसे पीड़ितों को निकाला। हाईवे पर अपनों की जिंदगी टूटते देख चुके परिवार के आंसू नहीं थमे।

### सीएम योगी ने जताया दुख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बघरा बाईपास पर हुए हादसे पर दुख प्रकट किया। शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायल के समुचित उपचार के लिए निर्देशित किया।

# पश्चिमी और बाहरी दिल्ली के 21 जलस्रोतों को मिलेगा पुनर्जीवन, भलस्वा झील से होगी योजना की शुरूआत

**नई दिल्ली।** इसका मकसद केवल सौंदर्यीकरण भर नहीं बल्कि प्राकृतिक संसाधन के रूप में उपयोग कर बाढ़ नियंत्रण और जलभराव से मुक्ति भी दिलाना है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पश्चिमी और बाहरी दिल्ली के 21 जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने की योजना बनाई है। इसका मकसद केवल सौंदर्यीकरण भर नहीं बल्कि प्राकृतिक संसाधन के रूप में उपयोग कर बाढ़ नियंत्रण और जलभराव से मुक्ति भी दिलाना है।
योजना के तहत जलस्रोतों को तीन बड़े उप-बेसिन अलीपुर, नजफगढ़ और कंझावला में बांटा गया है। साथ ही, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए विशेषज्ञ सलाहकारों को लगाया गया जिन्होंने नजफगढ़ बेसिन की गहन जांच के दौरान 21 तालाब और झीलें चिह्नित कीं। इनमें से 14 जलस्रोत दिल्ली पार्क्स एंड गार्डन सोसाइटी के अधीन हैं जबकि बाकी डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड और अन्य एजेंसियों के पास हैं।



अधिकारियों का मानना है कि ये जलस्रोत पानी रोकने और संग्रह करने की बड़ी क्षमता रखते हैं जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसी समस्या काफी हद तक रोकी जा सकेगी।

अधिकारियों ने बताया कि भलस्वा झील को पुनर्जीवन का पहला केंद्र चुना गया है। इस झील की हालत बेहद खराब है। आसपास की डेयरी कॉलोनी से निकलने वाला गोबर और ठोस कचरा यहां पानी को दूषित कर रहा है। अब इसे संवारने के लिए डी-सिल्टिंग, प्रदूषक हटाने, तटबंध मजबूत करने, पौधरोपण, वॉकिंग ट्रैक और बाउंड्री वॉल बनाने जैसे कदम उठाए जाएंगे। साथ ही, गोबर निपटान के लिए अलग स्थान बनाया जाएगा ताकि झील दोबारा प्रदूषित न हो। योजना का मकसद केवल तालाबों को चमकाना नहीं बल्कि उन्हें दिल्ली के जल चक्र से जोड़ना है। इन जलस्रोतों को पानी की नालियों से इंटरलिंक किया जाएगा ताकि बारिश का अतिरिक्त पानी यहां जमा होकर भूजल रिचार्ज कर सके। विशेषज्ञों का कहना है कि यह पहल दिल्ली के लिए स्थायी जल प्रबंधन की दिशा में बड़ा कदम होगी। बवाना, मयापुरी, नरेला और धीरपुर के तालाबों को भी पुनर्जीवित कर आसपास की आबादी को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

### हरियाली को दिया जाएगा बढ़ावा

परियोजना के तहत सिर्फ पानी रोकने की व्यवस्था ही नहीं बल्कि लोगों को प्रकृति से जोड़ने का भी ख्याल रखा जाएगा। पार्क, कुदरती ट्रेल, मछली पालन, बोटिंग जैसी गतिविधियां विकसित करने की योजना है। 27 जगहों पर पार्क और तालाब विकसित करने की रूपरेखा भी तय की गई है। इससे स्थानीय लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन का लाभ मिलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले तीन दशकों में तेजी से हुए शहरी विस्तार ने राजधानी की प्राकृतिक जल प्रणालियों को काफी खराब किया है। जहां कभी तालाब और नाले थे वहां अब कंक्रीट की बस्तियां और सड़कें हैं। नतीजतन, हर बारिश में राजधानी डूबने लगती है।

# हिमाचल के कई भागों में तीन दिन भारी बारिश-बर्फबारी का अलर्ट, इतने दिन खराब रहेगा मौसम

**शिमला।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हिमाचल प्रदेश के कई भागों में तीन दिन भारी बारिश-बर्फबारी, ओलावृष्टि का येलो-ऑरेंज अलर्ट है। बुधवार को भी लाहौल घाटी की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। शिंकुला दर्रे में करीब साढ़े सात सेंटीमीटर ताजा बर्फ गिरी। वहीं कांगड़ा जिले के धर्मशाला, पालमपुर के साथ लगते इलाकों और हमीरपुर में बारिश हुई। आज राजधानी शिमला व आसपास भागों में धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए हुए हैं।

### इतने दिन बरसेंगे बादल

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 4 अक्तूबर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 4 से 8 अक्तूबर तक कई भागों में भारी बारिश, अंधड़ चलने व ओलावृष्टि होने का पूवार्नुमान है। 2 से 4 अक्तूबर तक कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। 5 अक्तूबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं और एक-दो स्थानों पर भारी बारिश होगी। 6 अक्तूबर को अधिकांश स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है, कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। चोटियों पर बर्फबारी होगी। 7 अक्तूबर को भी राज्य के कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। 8 अक्तूबर को भी कुछ स्थानों पर बारिश जारी रहने के आसार हैं। विभाग ने 5 और 7 अक्तूबर के लिए भारी बारिश, ओलावृष्टि व अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि 7 अक्तूबर के लिए ऑरेंज अलर्ट है।





### इन जिलो में भारी बारिश-बर्फबारी, ओलावृष्टि का अलर्ट

मौसम विभाग ने 5 अक्तूबर के लिए किन्नौर व लाहौल-स्पीति को छोड़कर सभी के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि 6 अक्तूबर को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला के लिए भारी बारिश, अंधड़ व ओलावृष्टि, जबकि किन्नौर व लाहौल-स्पीति के लिए बारिश के साथ भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट है।

### कहां कितना न्यूनतम तापमान

अगले 2-3 दिनों के दौरान अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद अगले 2-3 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। अधिकतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। शिमला में न्यूनतम तापमान 14.2, सुंदरनगर 18.8, भुंतर 16.4, कल्पा 8.4, धर्मशाला 16.6, ऊना 19.2, नाहन 20.3, पालमपुर 15.0, सोलन 16.7, मनाली 13.1, कांगड़ा 18.8, मंडी 19.6, बिलासपुर 20.6, हमीरपुर 18.7, कुफरी 13.7, कुकुमसेरी 7.6, नारकंडा 10.8, भरमौर 15.3, रिकांगपिओ 13.0, बरठीं 19.3, पांवटा साहिब 23.0, ताबो 4.3 व बजौरा में 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी राष्ट्रपति महात्मा गांधी श्रद्धांजलि लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

## सीएम योगी ने भी दी राष्ट्रपति महात्मा गांधी और पूर्व पीएम शास्त्री को श्रद्धांजलि





**नई दिल्ली।** आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। राजधानी दिल्ली स्थित राजघाट पर भी एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेता पहुंचे और बापू को नमन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह-सुबह राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कुछ समय वहां मौन रहकर राष्ट्रपिता को याद किया और उनके आदर्शों को नमन किया। इसके साथ ही उन्होंने ट्वीट कर महात्मा गांधी को याद करते हुए लिखा, महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उनका विचार, उनका मार्गदर्शन और उनके सिद्धांत आज भी हमें सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। प्रधानमंत्री के साथ-साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं ने भी राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी जयंती के अवसर पर स्कूल, कॉलेज, सरकारी दफ्तरों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वच्छता अभियान, प्रार्थना सभा, भजन कार्यक्रम, और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। खासकर स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया।

महात्मा गांधी का जीवन सादगी, सत्य और अहिंसा का प्रतीक रहा है। आज के समय में भी उनके विचार वैश्विक स्तर पर प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। जलवायु परिवर्तन, सामाजिक न्याय और शांति के मुद्दों पर उनके दृष्टिकोण को दुनिया भर में सराहा जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने गोरखपुर में बापू और शास्त्री को नमन किया। गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी गुरुवार को दिल्ली स्थित राजघाट पहुंचीं। जहां उन्होंने महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

गांधी जयंती के अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी राजघाट पहुंचे। जहां उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर भी नजर आए।

## जब पूर्व विधायक ने किया क्षेत्रीय पदाधिकारी से टीम घोषणा को लेकर सवाल

# बिना एक सैकंड लगाए वो बोले- अगले साल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में टाइमिंग का अपना महत्व होता है। सही टाइमिंग पर सही एक्शन के लाभ हमेशा इलेक्शन में मिलते हैं। क्रिकेट में सही टाइमिंग के साथ अगर खिलाड़ी खेलता है तो लाभ सिलेक्शन में मिलता है। सरकार आई है तो इंतजार अब संगठन वालों के बीच टीम घोषित होने का हो रहा है। महानगर में कप्तान घोषित हो गया और टीम वाली लिस्ट को लेकर ट्विस्ट चल रहा है। कप्तान के पास बहुत सारे आयाम हैं, बहुत सारे काम हैं और उसे ये पूरा मैच पुराने खिलाड़ियों के साथ खेलना है। खिलाड़ी कप्तान के दिल का ना हो, लेकिन दल का तो हो।

भाजपा में भी स्थिति यही चल रही है और इंतजार संगठन वाली घोषणा का हो रहा है। ऐसे में एक सामाजिक कार्यक्रम में एक पूर्व विधायक और क्षेत्रीय पदाधिकारी की मुलाकात हुई। अभिवादन प्रणाम के बाद बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ और यहां पर ये बात पूर्व विधायक ने रखी कि आखिर क्या वजह है कि टीम घोषित नहीं हो रही है। संगठन की क्या प्लानिंग है। बताते हैं कि यहां पर टीम घोषित होने के सवाल को सुनते ही क्षेत्रीय पदाधिकारी ने एक सैकंड की देरी नहीं लगाई और कहा कि अगले साल।

कहने का अर्थ ये था कि टीम घोषित होते-होते अगला साल आ जाएगा। अब हिसाब की बात आई तो यहां पर पूर्व विधायक को स्पष्ट कर दिया कि हिसाब ऐसा है कि अभी पार्टी पंचायत चुनाव में जुट गई है। पार्टी की प्राथमिकता त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है और ये निर्देश दे दिये गये हैं कि इसी टीम के साथ चुनाव की तैयारी में जुटना है। इसके बाद बात एमएलसी चुनाव तक भी जा सकती है। फिर भी इतना तो समझ लो कि अब अगला साल आएगा तभी कुछ पैगाम आएगा। अब क्षेत्रीय पदाधिकारी कह रहे हैं तो निश्चित रूप से इसका संदेश है। वो जानते हैं कि संगठन सर्वोपरि होता है और टीम के सभी पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता हैं। भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ पार्टी के लिये काम करता है। लिहाजा टीम नई हो या पुरानी, लेकिन जिम्मेदारी से सब काम संभालते हैं, इसलिये संगठन सर्वोपरि है। अगले साल का सीन ये है कि पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित होंगे, फिर प्रदेश अध्यक्ष घोषित होंगे और उसके बाद में महानगर और जिलों का नंबर आएगा।




### अभी तो शिशौदिया जी चला रहे हैं बेनिवाल जी की टीम से काम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जो लोग महानगर और जिले की टीम को लेकर उत्सुक हैं वो तकनीकी रूप से इस बात को समझ लें कि अभी तो क्षेत्रीय पदाधिकारी सतेंद्र शिशौदिया ही पूर्व क्षेत्रीय पदाधिकारी मोहित बेनिवाल वाली टीम से काम चला रहे हैं। सतेंद्र शिशौदिया महानगर वाली घोषणा से भी पहले क्षेत्रीय पदाधिकारी घोषित हुए हैं और अभी तक क्षेत्रीय टीम घोषित नहीं हुई है लिहाजा क्षेत्रीय पदाधिकारी को पुरानी टीम मिली है। वहीं मयंक गोयल को भी महानगर अध्यक्ष घोषित हुए धीरे-धीरे एक साल हो ही जाएगा और महानगर वाली स्थिति अकेले गाजियाबाद में नहीं है बल्कि लगभग पूरे प्रदेश में यही हाल है। वहीं एक हाल ये भी है कि लगातार आयाम आ रहे हैं, रोज बैठकें चल रही हैं और सवाल ये भी उठता है कि आखिर पुरानी टीम के सदस्यों ने भी धीरे-धीरे एक दूरी बनाई है। अब ये दूरी क्यों बनाई है इसका कारण सब जानते हैं। ना आने के पीछे की भी एक वजह है। जहां तक संगठन की बात है तो यहां सिस्टम ऐसा है कि पहले राष्ट्र, फिर प्रदेश और फिर जिले और महानगर का नंबर आएगा।

# संघ शताब्दी समारोह में परिवार सहित शामिल हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल अपने पूरे परिवार सहित शामिल हुए। उन्होंने इसे प्रभु कृपा और बड़ों का आशीर्वाद बताया तथा आने वाली पीढ़ी को संघ कार्य से जोड़ने को ईश्वरीय कार्य में एक गिलहरी-प्रयास कहा। मयंक गोयल ने याद दिलाया कि सबसे पहले उनके परिवार से बाबा स्व. बनवारी लाल जी का संघ प्रवेश हुआ था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उनके पिताजी महेश चंद, चाचा शैलेश चंद, चाची आशा रानी, प्रियजन पीयूष गोयल और पुत्र ओजस भी इस समारोह में सम्मिलित हुए।

उन्होंने लिखा कि जिस मार्ग पर हमारे बड़े चले, उनको भावपूर्ण स्मरण। शुद्ध हृदय की थाली में विश्वास दीप जलाकर कोटि चरण बढ़े जा रहे हैं। तिल-तिल अपनी देह गलाकर जब तक लक्ष्य पूरा न होगा, पग की गति न रुकेगी। आज चाहे दुनिया कुछ भी कहे, कल को झुके बिना न रहेगी।



### संघ के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प

करंट क्राइम। मयंक गोयल ने कहा कि संघ कार्य केवल संगठनात्मक गतिविधि नहीं, बल्कि यह राष्ट्र सेवा और समाज जागरण का साधन है। आने वाली पीढ़ी तक इन आदर्शों को पहुँचाना ही सच्चा दायित्व है। इस अवसर पर उन्होंने संघ के 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा को स्मरण करते हुए कहा कि यह संगठन निरंतर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय रहा है और इसकी शिक्षाएँ हर परिवार और हर नागरिक के जीवन को दिशा देने वाली हैं।

# नदिया पार में भारद्वाज जी की रामलीला में पकड़ा मामले ने तूल

## फर्जी पास के सहारे जब कई लोग गए यहां फ्री में झूला झूल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रामलीला का दौर चल रहा है और राम वालों की सरकार है। राम वालों में जोश है, लेकिन जनता का रुझान देखें तो वो मंचन से ज्यादा मेले को प्राथमिकता देते हैं। मेले में भी झूले को प्राथमिकता देते हैं। मंचन से ज्यादा भीड़ झूले पर दिखाई देती है। फ्री में पास की बात हो तो मंचन वाले पास कोई नहीं लेना चाहता और झूले वाले पास हर किसी को चाहिए। मामला नदिया पार की रामलीला से जुड़ा है और मामले की सबसे खास बात ये है कि राम वालों की लीला में झूले के नकली पास हैं। नदिया पार में कांग्रेस वाले भारद्वाज जी हर साल रामलीला का आयोजन कराते हैं। भारद्वाज जी रामलीला का मेला भी लगवाते हैं और मेले में अपने खास लोगों को पास भी देते हैं मगर, पास वाली कहानी में इतना बड़ा बाइपास आएगा ये उन्होंने भी नहीं सोचा था।

सूत्र बताते हैं कि भारद्वाज जी वाली रामलीला में झूले पर फ्री के पास वाली संख्या बढ़ गई। हर तीसरा आदमी पास लेकर झूले पर खड़ा था। झूला संचालकों को इतनी संख्या में पास देखकर शक हो गया। उन्होंने जब पास की नजदीक से जांच की तो पता चला कि ये तो फर्जी पास हैं। नकली पास बनाने वाले ने होशियारी तो बहुत चलाई लेकिन वो काम नहीं आई और फर्जी पास से झूला झूलने आए लोगों को पकड़ लिया गया। बताते हैं कि इस मामले में झूला संचालकों ने फर्जी पास धारक को पकड़ लिया और जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया। रामलीला में झूलों के फ्री पास का किस्सा तो सबने सुना था मगर नकली पास का मामला पहली बार सामने आया है। नकली पास कहां छपे और किसने छपवाये इसका पता लगाया जा रहा है।



### जब पार्षद ने किया हस्तक्षेप तब हुआ मामले का पटाक्षेप

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नदिया पार की रामलीला में भगवान राम और आयोजकों में कांग्रेस के भारद्वाज जी और कहानी में मोड़ ये कि मंचन के असली पास रखे रह गए और झूले के नकली पास छप गए। जब तक मामला पकड़ा गया तब तक तो कई लोग झूला झूल चुके थे। अब किसने छपवाये और कहां छपे इसकी सर्च हो रही थी। मामला तहरीर से रिपोर्ट में बदलता और रिपोर्ट से नामों का खुलासा हो जाता। सूत्र बताते हैं कि इस पूरे मामले में क्षेत्रीय पार्षद ने हस्तक्षेप किया और उनके हस्तक्षेप के बाद इस पूरे मामले का पटाक्षेप हुआ। बात अपने ही इलाके की थी तो यहां सीन विपक्ष बनाम सरकार नहीं हुआ। यहां पर आपसी सदभाव में ही पूरे मामल को रफा-दफा किया गया। बहरहाल नकली पास का किस्सा गूंज रहा है।

## महापौर सुनीता दयाल को पार्षदों व अधिकारियों ने जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं



गाज़ियाबाद, करंट क्राइम। 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती एवं विजयादशमी के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय और शहर के विभिन्न स्थलों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने ध्वजारोहण कर उपस्थित जनों और शहरवासियों को शुभकामनाएँ दीं। पार्षदों और निगम अधिकारियों ने भी देशभक्ति के नारे लगाए और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसी क्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शेष, पृष्ठ 6

## जो विधायक जी देते हैं हर कार्यक्रम और बर्थडे में सबको दिखाई

# वो दशानन दहन के कार्यक्रम में नजर नहीं आए और किसी को लोकेशन भी नहीं बताई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति व्यक्ति के जीवन में सबसे बड़ा पंच मंच होता है। कार्यक्रम सामाजिक हो, धार्मिक हो या राजनीतिक हो अगर, उसमें मंच ना मिले तो सियासत करने में मजा नहीं आता है। राजनीति में टीआरपी का एक पैमाना ये भी होता है कि जन का प्रतिनिधि जन के बीच कितने मन से रहता है। एक विधायक जी इस मामले में सबसे आगे रहते हैं। विधायक जी जन्मदिन की बधाई देने कार्यकर्ता के घर से लेकर व्यापारी नेता की दुकान पर पहुंच जाते हैं। बधाई भी देते हैं और फिर उसे फेसबुक पर भी अपनी पोस्ट के जरिये साझा करते हैं।

सामाजिक कार्यक्रम हो तो विधायक जी सबसे आगे दिखाई देते हैं। राजनीतिक कार्यक्रम हो तो विधायक जी सबसे आगे मिलेंगे और धार्मिक कार्यक्रमों में भी वो अपने कदमों को पीछे नहीं रखते हैं। रामलीला का दौर चल रहा था तो विधायक जी कहीं नवरात्र महोत्सव में तो कहीं रामलीला के मंच पर रोजाना दिख रहे थे। कहीं उनके गले में पटका तो कहीं वो मंच संभाल रहे हैं। ऐसे में विधानसभा क्षेत्र में कई रामलीला के आयोजकों ने विधायक जी को अपना चीफ गेस्ट बनाया था। सबको ये उम्मीद थी कि रामलीला के चीफ गेस्ट के रूप मे विधायक जी ही रहेंगे मगर, क्षेत्र की जनता से लेकर रामलीला के आयोजक तक शाम होते ही विधायक जी को तलाशते रहे। विधायक जी को फोन मिलाते रहे मगर, विधायक जी ना तो फोन उठाए और ना किसी को अपनी लोकेशन बताएं। विधायक जी आखिर सामाजिक सदभाव सनातन संस्कृति और दशानन दहन के समय कहां गए हैं ये सवाल सबके मन में कोंधने लगा।

सवाल लाजमी था क्योंकि विधायक जी के बारे में तो ये कहा जाता है कि वो वहां भी पहुंच जाते हैं जहां सब हैरान होते हैं, लेकिन ऐसा क्या हुआ कि दशानन दहन के दिन विधायक जी की लोकेशन नहीं मिल रही। विधानसभा क्षेत्र में कई दशानन ऐसे थे जिन्हें विधायक जी के तीर से ही मरना था मगर, विधायक जी तो खुद पता नहीं कहां तीर हो गये। आयोजक विधायक जी के दर्शनों को बेकरार और उनके हिस्से में आ रहा था सिर्फ इंतजार। विधायक जी आखिर क्यों गायब हो गए और कहां गए ये किसी को नहीं पता चल रहा था। फिर यही कयास लगाया गया कि हो सकता है किसी और कार्यक्रम में बिजी हो गये हों वरना वो तो हमेशा ईजी रहते हैं। बहरहाल दशहरे वाले दिन विधायक जी किसी को नजर नहीं आए।




# लगने वालों को यह नहीं लगा फाइन, सपाईयों ने क्यों नहीं निकाला गांधी पार्क के लिए टाइम

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का कार्यक्रम कार्यालय तक रहा सीमित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी जहां 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर लगातार अभियान, संगठन को मजबूत और कार्यक्रमों को लेकर तेजी दिखा रही है ,पर उसके कार्यकर्ताओं में गाजियाबाद से लेकर पश्चिम उत्तर प्रदेश में वह जोश ,ऊर्जा और उत्साह नजर नहीं आ रहा है। जो चुनावी सीजन में रंग जमा सके, गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती थी। जन्मोत्सव के अवसर पर पहले गांधी पार्क लोहिया नगर में जहां स्वच्छता का संदेश दिया जाता था। तो महात्मा गांधी की मूर्ति की सफाई करते हुए भी समाजवादी नेता नजर आते थे लेकिन इस बार ऐसा नजारा देखने को नहीं मिला है। जिसकी चर्चा समाजवादी पार्टी वाले के कुनबे से लेकर अन्य दलों में भी हो रही है। कहा जा रहा है कि जिस तरीके से महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर सत्ता वाले दल ने सरकारी से लेकर निजी कार्यक्रम किए हैं, उस मामले में भी विपक्ष वाले बहुत पीछे रह रहे हैं।




### समाजवादी पार्टी के पुराने नेता चल रहे हैं आउट

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी जहां सत्ता में वापसी के लिए संघर्ष कर रही है। तो उसके नेता लगातार साइलेंट मोड पर चल रहे हैं। वह मुख्य कार्यक्रमों से आउट चल रहे हैं। तो वहीं गाजियाबाद वाले सपाईयों का हाल तो बेहद अलग चल रहा है। वह लखनऊ और दिल्ली की परिक्रमा तो करते हैं लेकिन गाजियाबाद के कार्यक्रमों में पुराने और वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेताओं की दूरी कई सवाल भी उठाती है। समाजवादी पार्टी द्वारा बीते एक साल से तमाम तरीके के आयोजन, चौपाल और अभियान चलाए गए लेकिन कुछ ही ऐसे कार्यक्रम रहे जिसमें वरिष्ठ और पुराने समाजवादी पार्टी के फेस नजर आए बाकी फेस आउट ऑफ रेस चल रहे हैं।

### समाजवादी पार्टी में जारी है लगातार गुटबाजी का दौर

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी में लगातार गुटबाजी का दौर चल रहा है। कभी यूथ वाले लड़ जाते हैं। तो कभी उनके बूथ वाले मामले भी कमजोर नजर आते हैं। महिला पदाधिकारियों से लेकर पूर्व में ऐसे फेस जो कभी गाजियाबाद समाजवादी का सब कुछ हुआ करते थे, आजकल वो आउट और शांत चल रहे हैं। एक दो कार्यक्रमों में ही उनकी मौजूदगी होती है। तो वही जिस तरीके से इन दिनों कई स्तर पर गुटबाजी का दौर चल रहा है। तो लगातार महानगर और जिलाध्यक्ष पर उनके ही कार्यकर्ता सवाल उठाते हैं, यह भी बड़ा सवाल है।

## संपादकीय

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की अधूरी कहानी

समाज में महिला और पुरुषों की आबादी में संतुलन बेहद जरूरी है। देश में बेटियों की कम हो रही संख्या को समान अनुपात में लाने के लिए सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किए जाते रहे हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना भी इन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य गिरते लिंगानुपात को रोकना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना तथा बालिकाओं की शिक्षा और शारीरिक एवं मानसिक विकास से जुड़े कार्यों को गति देना है। बेटियों के लिए यह योजना निश्चित तौर पर बदलाव की वाहक बन सकती है, लेकिन सवाल है कि क्या यह परिणामोन्मुख तरीके से आगे बढ़ पा रही है?

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की हालिया रपट के तथ्यों से तो ऐसा नजर नहीं आ रहा है। रपट में कहा गया है कि इस योजना के तहत पिछले ग्यारह वर्षों में स्वीकृत राशि में से करीब एक तिहाई राशि का इस्तेमाल नहीं हो पाया है। वर्ष 2024-25 (31 दिसंबर तक) में तो सबसे कम करीब तेरह फीसद राशि ही खर्च हो पाई। ऐसे में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और इसकी सफलता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह सच है कि नई तकनीक अपने साथ चुनौतियां भी लेकर आती हैं। भ्रूण परीक्षण जैसे गैरकानूनी और अनैतिक कृत्य भी तकनीक के दुरुपयोग का ही परिणाम है। देश में लिंगानुपात गड़बड़ाने का एक कारण भ्रूण परीक्षण भी है। हालांकि इस पर कानूनन प्रतिबंध है, लेकिन चोरी-छिपे भ्रूण परीक्षण कराने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। हमारे समाज की रूढ़िवादी मानसिकता भी इसके लिए जिम्मेदार है। बेटे को प्राथमिकता और बेटियों को परिवार पर बोझ समझने की प्रवृत्ति आज भी मौजूद है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना में समाज की इस सोच को बदलने का आह्वान भी सम्मिलित है। इसके क्रियान्वयन में जो लापरवाही देखी जा रही है, वह बेहद निराशाजनक है। जब इस योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का एक बड़ा हिस्सा खर्च ही नहीं किया जा रहा है, तो इसका लाभ पात्र बालिकाओं तक कैसे पहुंचेगा? जिस उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी, वह लक्ष्य कैसे हासिल हो पाएगा? इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। रपट में कहा गया है कि पिछले ग्यारह वर्षों में इस योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का सौ फीसद इस्तेमाल कभी नहीं हो पाया। यानी संबंधित अधिकारी यह तय ही नहीं कर पाते हैं कि इस राशि को कहां और कैसे खर्च किया जाए। जबकि योजना के मुताबिक, इस राशि का इस्तेमाल लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने, उनमें खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, आत्मरक्षा का प्रशिक्षण, पोषण कार्यक्रम, स्वास्थ्य सुविधाएं और शौचालय के निर्माण जैसे कार्यों पर किया जाता है। जिला स्तर पर इस योजना को लागू करने के लिए धनराशि राज्य सरकार के माध्यम से प्रदान की जाती है। रपट से पता चलता है कि कई जगह पोस्टर और नारों जैसे कार्यों पर ही अधिक राशि खर्च की गई है, जबकि बालिका शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं पर वास्तविक खर्च सीमित रहा। इससे साफ है कि इस योजना को जमीन पर उतारने में बहुस्तरीय लापरवाही बरती जा रही है।

# 20000 करोड़ का 'जोखिम गारंटी कोष' बनाएगी सरकार

# बुनियादी ढांचे के विकास को मिलेगा बढ़ावा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 20 हजार करोड़ रुपये का जोखिम गारंटी कोष बनाने पर विचार कर रही है, ताकि बुनियादी ढांचे के विकास और निजी निवेश को बढ़ावा मिल सके। यह कोष परियोजनाओं के विकास जोखिमों को कवर करेगा और बैंकों को अधिक ऋण देने के लिए प्रोत्साहित करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, कमजोर बुनियादी ढांचा भारत की अर्थव्यवस्था की बड़ी चुनौती है, जिसे सुधारना दीर्घकालिक विकास के लिए जरूरी है।

केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का 'जोखिम गारंटी कोष' बनाने पर विचार कर रही है। इसका मकसद निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करना है। इस जोखिम गारंटी कोष के बनने से निजी क्षेत्र परियोजना के जोखिमों को साझा करेगा, जिससे प्रोजेक्ट डेवलपर्स का बोझ कम होगा। इस कोष का प्रारंभिक आकार 20 हजार करोड़ रुपये होगा और इसका प्रबंधन राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) कर सकती है।

कोष नई परियोजनाओं के विकास जोखिम को कवर करेगा। साथ ही, डेवलपर्स को भी कम से कम कुछ हिस्सा रखना होगा और जोखिम के अनुसार शुल्क भी देना पड़ सकता है। यह कोष अनिश्चितता और अन्य गैर-व्यावसायिक जोखिमों से होने वाले नुकसान को कवर करेगा, जिससे कर्जदाताओं को बड़ी परियोजनाओं के लिए अधिक ऋण देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### 'पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए बुनियादी ढांचे पर खर्च की जरूरत'

सूत्रों ने कहा कि इस कोष की गारंटी बैंक के लिए वैध होनी चाहिए और समय पर भुगतान की गारंटी भी होनी चाहिए, तभी यह सफल होगा। राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन (एनआईपी) रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को 2030 तक 4.51 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 390 लाख करोड़ रुपये) बुनियादी ढांचे पर खर्च करने की जरूरत होगी, ताकि 2025 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पूरा हो सके और इसके बाद यह विकास जारी रहे। भारत की उच्च विकास दर बनाए रखने की क्षमता बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर निर्भर है। हालांकि, देश का कमजोर बुनियादी ढांचा बढ़ती अर्थव्यवस्था और जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रहा है।

### 'मेक इन इंडिया के लिए खराब बुनियादी ढांचा सबसे बड़ी चुनौती'

आर्थिक मामलों के पूर्व सचिव के नेतृत्व वाली टास्क फोर्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि 'मेक इन इंडिया' जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक खराब बुनियादी ढांचा है, जो देश की विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षमता को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के लिए समर्थन देता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि सरकार बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा नहीं कर पाती है तो कॉरपोरेट विकास और निवेश प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कमी भारत की जीडीपी का 4-5 फीसदी नुकसान कराती है। बुनियादी ढांचा विकास न केवल आर्थिक विस्तार में योगदान देगा, बल्कि दीर्घकालिक विकास को भी मजबूत करेगा।

# अमेरिका ने नेवादा के एक लिथियम खदान में पांच फीसदी हिस्सेदारी ली, निवेश से घटेगी चीन पर निर्भरता



नई दिल्ली। अमेरिकी सरकार ने नेवादा में स्थित दुनिया के सबसे बड़े लिथियम खानों में से एक को संचालित करने वाली कंपनी लिथियम अमेरिका में हिस्सेदारी हासिल की है। कंपनी में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने का निर्णय लिया है। अमेरिकी सरकार ने नेवादा के उत्तर में स्थित दुनिया के सबसे बड़े लिथियम खानों में से एक में हिस्सेदारी हासिल की है। डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी ने कनाडा स्थित लिथियम अमेरिका कंपनी में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने की घोषणा की। इस हिस्सेदारी का उद्देश्य अमेरिका की चीन पर निर्भरता को कम करना और घरेलू लिथियम आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना है। बुधवार को शुरूआती कारोबार में लिथियम अमेरिका के शेयरों में 30 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई।

### विदेशी प्रतिद्वंद्वियों पर कम होगी निर्भरता

डीओई ने लिथियम अमेरिका और जनरल मोटर्स के साथ संयुक्त रूप से चल रही थैकर पास लिथियम परियोजना में भी 5 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने का निर्णय लिया है। थैकर पास परियोजना इलेक्ट्रिक वाहनों, मोबाइल फोन और नवीकरणीय ऊर्जा में इस्तेमाल होने वाले उच्च गुणवत्ता वाले बैटरी लिथियम की आपूर्ति में अहम भूमिका निभाएगी। अमेरिका के ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने कहा कि इस समझौते से विदेशी प्रतिद्वंद्वियों पर हमारी निर्भरता कम होगी और अमेरिकी करदाताओं के पैसों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित होगा।

### 40,000 मीट्रिक टन बैटरी-ग्रेड लिथियम कार्बोनेट का उत्पादन

पहले चरण में थैकर पास परियोजना से सालाना 40,000 मीट्रिक टन बैटरी-ग्रेड लिथियम कार्बोनेट का उत्पादन होने की उम्मीद है, जो लगभग 8 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों को संचालित करने के लिए पर्याप्त है। इस कदम के साथ अमेरिकी सरकार ने निजी कंपनियों में सीधे निवेश की अपनी रणनीति जारी रखी है। इससे पहले सरकार ने इंटेल, एमपी मटेरियल और एनवीडिया/एएमडी में भी हिस्सेदारी हासिल की थी। लिथियम अमेरिका ने डीओई के साथ गैर-बाध्यकारी समझौते के तहत 435 मिलियन डॉलर के फेडरल लोन के पहले हिस्से को अग्रिम रूप से लेने की योजना बनाई है।

# अगर धीमी रही अर्थव्यवस्था की रफ्तार

## तो दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती कर सकती है एमपीसी



**नई दिल्ली।** अगर देश की आर्थिक विकास दर धीमी होती है और वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण बने रहते हैं, तो दिसंबर में एमपीसी ब्याज दरों में कटौती कर सकती है। आईसीआईसीआई बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, एमपीसी की भाषा और रुख में हालिया बदलाव दर कटौती के संकेत दे रहे हैं। रिपोर्ट में अनुमान है कि शुरूआती कटौती 25 बेसिस प्वाइंट की हो सकती है, लेकिन अंतिम फैसला जीडीपी और वैश्विक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

एमपीसी के दो बाहरी सदस्यों ने किया नीति का समर्थन रिपोर्ट में यह भी जिक्र किया गया कि एमपीसी के दो बाहरी सदस्यों ने नीतिगत रुख को समर्थन में मतदान किया, जिससे नीति में नरमी की संभावनाओं को और बल मिला है। यह एक बड़ा संकेत है कि दिसंबर में दरों में कटौती संभव है। जहां तक कटौती की मात्रा या अंतिम दर का सवाल है, रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी की स्थिति में 25 आधार अंकों (बीपी) की कटौती हो सकती है। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगी कि आने वाले जीडीपी के आंकड़े, रोजमर्रा के आर्थिक संकेतक और वैश्विक व्यापार की स्थिति कैसे रहती है। इसके अलावा, गवर्नर ने यह भी कहा कि हाल में जीएसटी दरों में की गई कटौती से उपभोग को कुछ समर्थन मिलेगा।

### दिसंबर में तय किया अगला कदम : आरबीआई गवर्नर

रिपोर्ट में कहा गया कि जब महंगाई नियंत्रण में हो, तब दरों में कटौती का सबसे बड़ा कारण आर्थिक विकास होता है। अगर बाहरी परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी रहती हैं और देश का आर्थिक विकास धीमा होता है,तो एमपीसी दरों में कटौती कर सकती है। नीति समीक्षा के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरबीआई गवर्नर में भी संकेत दिया कि कुछ गुंजाइश बनी है और कई कारकों के आधार पर दिसंबर में अगला कदम तय किया जाएगा। इससे भी दर कटौती की संभावना को मिला है।

### नीतिगत भाषा में बदलाव से दर में कटौती का संकेत

रिपोर्ट में यह बताया गया है कि एमपीसी की नीतिगत भाषा में हाल ही में बदलाव आया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि आगे चलकर ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई है। अगस्त की नीति समीक्षा में समिति ने कहा था कि मौद्रिक नीति ने कम महंगाई की स्थिति से मिले स्थान का उपयोग किया है। लेकिन अक्तूबर की समीक्षा में भाषा बदलकर यह कहा गया कि महंगाई में नरमी आने से आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए मौद्रिक नीति को अधिक गुंजाइश मिली है। आईसीआईसीआई बैंक के मुताबिक, यह बदलाव नीतिगत रूप से नरम रुख की ओर इशारा करता है।

# नुवामा के म्यूचुअल फंड को सेबी की मंजूरी, हाईकोर्ट बोला- वङ की फर्म चुकाए 16 करोड़ डॉलर



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर राज्य सरकारों को 1,01,603 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर हस्तांतरित किया है। सरकार ने बताया कि राज्यों को यह धनराशि उनके पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और उनके विकास और कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए जारी की गई है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह 10 अक्तूबर को जारी किए जाने वाले सामान्य मासिक हस्तांतरण के अतिरिक्त है। मंत्रालय ने राज्यों को जारी धनराशि का ब्योरा भी दिया है। इसके अनुसार, देश के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 18,227 करोड़ रुपये मिले हैं। इसके बाद बिहार (10,219 करोड़), मध्य प्रदेश (7,976 करोड़), पश्चिम बंगाल (7,644 करोड़), महाराष्ट्र (6,418 करोड़) और राजस्थान (6,123 करोड़ रुपये) का स्थान रहा। इससे पहले, वित्त मंत्रालय ने कहा था कि केंद्र ने अप्रैल-जुलाई के दौरान करों में हिस्सेदारी के रूप में राज्य सरकारों को 4,28,544 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 61,914 करोड़ रुपये अधिक है। बीएमडब्ल्यू ने अमेरिका से वापस मंगाई 1.45 लाख गाड़ियां लग्जरी वाहन निमार्ता बीएमडब्ल्यू ने अमेरिका से अपनी 1,45,000 गाड़ियां वापस मंगाई हैं।

### ब्रिटेन की अदालत का फरमान- सरकार को 1,630 करोड़ लौटाए कंपनी

ब्रिटेन के एक हाई कोर्ट ने बुधवार को पीपीई मेडप्रो नाम की कंपनी को अनुबंध के उल्लंघन का दोषी पाया। अदालत ने कंपनी को आदेश दिया कि वह सरकार को 121 मिलियन पाउंड (लगभग 1,630 करोड़) लौटाए। यह कंपनी कोरोना महामारी के दौरान 25 मिलियन सर्जिकल गाउन की आपूर्ति के अनुबंध का उल्लंघन करने की दोषी पाई गई। न्यायाधीश सारा कॉकरिल ने 87 पेज के अपने फैसले में कहा, गाउन अनुबंध के अनुसार स्टरलाइज नहीं थे इसलिए इनका उपयोग नहीं किया जा सकता था। बता दें कि पीपीई मेडप्रो की स्थापना साल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान ही हुई थी। मशहूर बिजनेसमैन डग बैरोमैन इसका नेतृत्व कर रहे थे, जो मशहूर अंडरगारमेंट ब्रांड अल्टीमो की संस्थापक मिशेल मोन के पति हैं। तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की सरकार से अनुबंध दिलाने में मिशेल मोन ने इस कंपनी की मदद की थी। कोर्ट ने कहा कि सरकार को गाउन की कीमत के रूप में हजार्ना वसूलने का अधिकार है। हालांकि, न्यायाधीश सारा ने भंडारण लागत की भरपाई की अपील ठुकरा दी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

## राशिफल

**मेष :** आज सिर्फ बैठने के बजाय कुछ ऐसा करें जिससे आपकी कमाई बढ़ सके। पारिवारिक जीवन को पर्याप्त समय और ध्यान दें।

**वृष :** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। पूरा दिन नई ऊर्जा से भरा रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। धन के मामले में प्रगति होगी।

**मिथुन :** आज कोई आपकी छवि खराब कर सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। आपका जीवन साथी थोड़ा अजीब व्यवहार कर सकता है।

**कर्क :** अपने सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के कारण अपने आसपास के लोगों को प्रभावित करेंगे। अतिरिक्त पैसा रियल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।

**सिंह :** आज आपका दिन ठीक रहेगा। कुछ कार्यों में थोड़ा विलंब हो सकता है। इस राशि के लव पार्टनर के जीवन में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**कन्या :** आज कोशिश करें कि किसी भी तरह का जोखिम न लें। व्यापार स्थल पर माहौल अनुकूल रहेगा। योजनाओं से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**तुला :** मित्रों के सहयोग से आर्थिक परेशानी दूर होगी। परिवार के सदस्य या जीवन साथी तनाव का कारण बन सकते हैं। प्यार के मामले में सामाजिक बंधनों को तोड़ने से बचें।

**वृश्चिक :** दिन अच्छा बीतेगा। लोगों के बीच आपकी एक अलग छवि बनेगी। पार्टनर के साथ डिनर पर जा सकते हैं। लंबी दूरी की यात्रा सफल और सार्थक होगी।

**धनु :** बड़े और प्रतिष्ठित लोगों से मेलजोल बढ़ सकता है। दूसरों के मामले में अपनी राय व्यक्त करने से भी बचना चाहिए। जीवनसाथी के संबंधों में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**मकर :** आपके कंधों पर बहुत कुछ है और निर्णय लेने के लिए स्पष्ट सोच आवश्यक है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ :** आज रहेगा फिट और तंदुरुस्त। आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

**मीन :** आज ऐसी जानकारी को उजागर न करें जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। आज आपके करियर में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। आपकी हर जगह प्रशंसा होगी।

## चुटकुले

टीकू घबराया हुआ पुलिस स्टेशन जा रहा था।
टीकू - मैं गिरफ्तार होने जा रहा हूं.
मोनू - क्यों भाई, तुमने क्या किया?
टीकू - मैंने अपनी बीवी के सर पर जोर से डंडा मार दिया था।
मोनू - तो वो मर गई क्या?
टीकू- नहीं बच गई और अब वो मुझे नहीं छोड़ेगी।

पति- तुम बहुत प्यारी हो
पत्नी- थैंक्स, मजा आ गया सुनकर
पति- तुम बिल्कुल राजकुमारी जैसी हो.
पत्नी - थैंक्यू सो मच... और बताओ क्या कर रहे हो?
पति - खाली बैठा था, सोचा मजाक ही कर लूं।

दो दोस्त आपस में बात करते हुए...
रामू- मैं कभी भी ईट का जवाब पत्थर से नहीं देता.
श्यामू- क्यों ?
रामू- क्योंकि पत्थर खोजने में बहुत समय लग जाता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# क्रॉसिंग रिपब्लिक में अशोक वाटिका का अनूठा मंचन, महिला सशक्तिकरण का संदेश




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में एसीपी वेवसिटी प्रियाश्री पाल और थानाध्यक्ष सरिता मलिक के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम ने नुक्कड़ सभा आयोजित कर महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सुरक्षा का संदेश दिया। इस मौके पर डीसीपी सिटी धवल जयसवाल भी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कला संगम समिति की रामलीला में अशोक वाटिका प्रसंग का मंचन विशेष आकर्षण रहा, जिसमें रावण व सैनिकों सहित सभी पात्र महिलाओं ने निभाए। यह प्रस्तुति इस संदेश के साथ हुई कि महिलाएँ आज हर जिम्मेदारी निभाने और हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

## अभिषेक शर्मा सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ शीर्ष पर बरकरार, वरुण चक्रवर्ती का भी दबदबा कायम




**नई दिल्ली।** तेजी से उभरते हुए भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में इतिहास के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की जबकि वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के सैम अयूब हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पांड्या को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए।

हाल ही में संपन्न एशिया कप में भारत की खिताबी जीत के बाद अभिषेक ने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ 931 अंक के साथ लगभग पांच साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। आईसीसी ने बताया कि 25 साल के अभिषेक ने 2020 में बनाए इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा। एशिया कप के दौरान 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अभिषेक ने टीम के अपने साथियों सूर्यकुमार यादव (912) और विराट कोहली (909) के पिछले सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक को भी पीछे छोड़ा।

# ग्राम विकास समिति झंडापुर ने कराया 22वां मां भगवती का जागरण




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ग्राम विकास समिति झंडापुर में मां भगवती का जागरण बुधवार को कराया जाएगा। इस अवसर पर समिति के सदस्य और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे और मां भगवती की पूजा-अर्चना करेंगे।

जागरण में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान शामिल होंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय का मां भगवती सब के काम पूरे करें।

ग्राम विकास समिति झंडापुर सभी ग्रामीणों से अपील करती है कि वे इस जागरण में शामिल हों और मां भगवती की कृपा प्राप्त करें। समिति ने इस अवसर पर सभी के लिए विशेष प्रबंध किए हैं और सभी को आमंत्रित करती है।

पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मां भगवती का जागरण ग्राम विकास समिति झंडापुर के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो ग्रामीणों को एकजुट करने और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने में मदद करता है। इस अवसर पर समिति के सदस्य और ग्रामीण मिलकर मां भगवती की पूजा-अर्चना करेंगे और उनकी कृपा प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर पालेराम, सुरजीत सिंह राघव, राम विलास छोकर, राजेंद्र सिंह छोकर, सुरेश चंद पाल, कैलाश राणा, खेम सिंह, संतोष यादव प्रमोद राठौड़, सचिन शर्मा, देवेंद्र राघव, निशांत शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राधिकरण अधिकारियों ने बापू और लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को शत-शत श्रद्धांजलि







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2 अक्टूबर 2025 को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण परिसर में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती के पावन अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। सभा में उनके जीवन, आदर्शों एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया। महात्मा गांधी, जिन्होंने सत्य, अहिंसा और आत्मबल के माध्यम से देश को स्वतंत्रता दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया, आज भी विश्वभर में शांति और नैतिकता के प्रतीक बने हुए हैं। लाल बहादुर शास्त्री, जिन्होंने जय जवान, जय किसान का अमर उद्घोष देकर देश के किसानों और सैनिकों का सम्मान बढ़ाया, उनके सादगीपूर्ण जीवन और नेतृत्व को सदा स्मरण किया जाएगा। इस दौरान उनके जीवन आदर्श से प्रेरणा लिए जाने पर जोर दिया गया। कार्यालय के प्रमुख अधिकारियों के द्वारा अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमें सत्य, अहिंसा, ईमानदारी और सेवा भावना के उन मूल्यों की याद दिलाता है जिन पर इन दोनों महापुरुषों का सम्पूर्ण जीवन आधारित था। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# विजयदशमी और शताब्दी वर्ष पर इंदिरापुरम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने विजयदशमी और संगठन के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पथ संचलन का आयोजन किया। संघ के स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में नगर के मुख्य मार्गों से गुजरे। गाजियाबाद जिले की चारों प्रशासनिक इकाइयों में लगभग 230 स्थानों पर यह उत्सव मनाया गया, जिसमें 30,000 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अत्यंत अनुशासन के साथ शस्त्र पूजन किया और पथ संचलन में भाग लिया। यह विशाल और व्यवस्थित संचलन संगठन-शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन था। गुरुवार को विजयादशमी उत्सव से प्रारंभ होकर, शताब्दी वर्ष को एक राष्ट्रव्यापी जन-आंदोलन बनाने हेतु गाजियाबाद विभाग ने वर्ष भर की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। यह अभियान बस्ती स्तर पर स्वयंसेवकों के अनुशासित संचलन के साथ शुरू हुआ। इसके बाद, 1 से 30 नवंबर 2025 के दौरान गृह संपर्क अभियान के तहत टोलियाँ हर परिवार तक संघ का विचार एवं संदेश पहुँचाएँगी। सांस्कृतिक जागरण के लिए 11 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे। युवा नेतृत्व और राष्ट्रभावना को जाग्रत करने के लिए 15 अगस्त से 17 सितम्बर 2026 के बीच युवा सम्मेलन आयोजित होंगे। जिला/नगर स्तर पर प्रमुख जन गोष्ठियों तथा अप्रैल 2026 में सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन होगा। अंत में, शताब्दी वर्ष का समापन 27 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2026 के बीच अधिकतम शाखा अभियान के साथ होगा। हम इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी राष्ट्र प्रेमियों को आमंत्रित करते हैं कि वे संघ के साथ मिलकर अनुशासन और सेवा के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ और इस जन-आंदोलन का हिस्सा बनें। इस अवसर पर शहर प्रांत प्रचारक आनंद क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुशील प्रांतीय कार्यवाहक शिवकुमार मौजूद रहे।

# वार्ड 57 में दिवाली से पहले चमकी स्ट्रीट लाइटें, पार्षद राधेश्याम त्यागी के प्रयासों से बढ़ी रोशनी




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 57, मकनपुर न्यायखंड टू में दिवाली से पहले वार्ड के पार्षद राधेश्याम त्यागी के प्रयासों से सभी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराया गया है। इसके अलावा, कई जगहों पर नई लाइटें भी लगाई गई हैं। वार्ड में कुल 35 से 40 नई लाइटें लगाई गई हैं, जिससे क्षेत्र में रोशनी बढ़ गई है और लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी।

पार्षद राधेश्याम त्यागी के इस कदम से स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है और उन्होंने पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया है। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि दिवाली के त्योहार को देखते हुए उन्होंने क्षेत्र की लाइटों की मरम्मत और नई लाइटें लगाने का काम प्राथमिकता पर लिया है। पार्षद का उद्देश्य है कि क्षेत्र में रहने वाले लोगों को दिवाली के त्योहार पर किसी तरह की परेशानी न हो और वे सुरक्षित और खुशहाल वातावरण में त्योहार मना सकें। स्थानीय निवासियों ने पार्षद के इस कदम की सराहना की है और कहा है कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा और सुंदरता दोनों बढ़ी है। स्थानीय निवासियों ने उम्मीद की है कि आगे भी पार्षद क्षेत्र के विकास के लिए इसी तरह काम करते रहेंगे। पार्षद के प्रयासों से वार्ड 57 में दिवाली का त्योहार और भी रोशन हो गया है।

# ऑस्ट्रेलिया का महिला विश्व कप में जीत के साथ आगाज, कीवियों को 89 रन से हराया




**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 89 रन से हरा दिया। बुधवार को इंदौर में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने एश्ले गार्डनर ने तूफानी शतकीय पारी की बदौलत 49.3 ओवर में 10 विकेट पर 326 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 43.2 ओवर में सिर्फ 237 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने सर्वाधिक 111 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए सोफी मोलिनेक्स और एनाबेल सदरलैंड ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि एलाना किंग ने दो सफलताएं अपने नाम कीं।

### सोफी डिवाइन ने खेली कप्तानी पारी

ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड (26 रन देकर तीन विकेट) तथा एलाना किंग (44 रन देकर दो विकेट) और सोफी मोलिनेक्स (25 रन देकर तीन विकेट) की स्पिन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने दूसरे ओवर में बिना रन जुटाए अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर के विकेट गंवा दिए थे। बेट्स जहां मोलिनू की गेंद पर बोल्ड हुई तो वहीं प्लिमर रन आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर और डिवाइन ने पारी को संभाला, पर टीम शुरूआती झटकों से उबरने में नाकाम रही। डेविने ने अमेलिया केर (33 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन, ब्रुक हालिडे (28 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन और इसाबेला गेज (28 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 54 रन की भागीदारी निभाई।

इतना ही काफी नहीं था और डिवाइन के आउट होते ही पूरी टीम जल्द ही सिमट गई। इससे पहले गार्डनर ने शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया को 326 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की। गार्डनर ने अपनी पारी के दौरान 83 गेंद का सामना करते हुए 16 चौके और एक छक्का लगाया। उनके अलावा फोबे लिचफील्ड ने 45 रन, किम गार्थ ने 38 रन और एलिस पैरी ने 33 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर और ली ताहुहु ने तीन तीन जबकि ब्री इलिंग और अमेलिया केर ने दो दो विकेट झटके।

# विजयादशमी पर भव्य रामलीला महोत्सव : कुंभकर्ण, मेघनाथ और रावण वध का मंचन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 7 में प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित श्रीरामलीला में विजयादशमी के पावन अवसर पर कुंभकर्ण वध, मेघनाथ वध और रावण वध के प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए अंतिम युद्ध का रोमांचक चित्रण देखकर पूरा मैदान 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा। रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों का भव्य दहन किया गया, जिसके साथ ही आसमान आतिशबाजी की रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। मैदान में उपस्थित हजारों श्रद्धालु 'जय श्रीराम' के नारे लगाते हुए धर्म की विजय का उत्सव मनाने लगे।

समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि रामलीला अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। श्रद्धालुओं का उत्साह और सामूहिक जयघोष इस आयोजन को और ऐतिहासिक बना देता है।

शुक्रवार को रामलीला महोत्सव के समापन अवसर पर राम-भरत मिलाप, राम राज्य तिलक, राजा भरथरी का नाटक एवं समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा ने महाराणा प्रताप भवन पर मनाया विजयदशमी उत्सव





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा गाज़ियाबाद ने विजयदशमी का पर्व सोमवार को नेहरू नगर स्थित महाराणा मंदिर, महाराणा प्रताप भवन में धूमधाम से मनाया। सुबह का आगाज सामूहिक हवन से हुआ। फिर सभा के संरक्षकों ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया।

मंच पर माहौल भक्ति और उत्साह से भरा रहा। प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना और संक्षिप्त रामलीला का मंचन किया। रामलीला का प्रस्तुतीकरण दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार गूँज उठा। सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को मैडल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को भी स्मृति चिह्न दिए गए। चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। कार्यक्रम का संचालन नीता सिंह और रीना चौहान ने संभाला। अंत में सभा के अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर सभा के संरक्षक जगदीश सिंह सिसोदिया, एसपीएस राघव, सुभाष सिसोदिया, सुभाष तोमर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी राणा, पार्षद अजीत निगम (नेहरू नगर), उदित मोहन निगम (अशोक नगर), कोषाध्यक्ष राजकुमार बैस सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के सदस्य मौजूद रहे।

इसके अलावा भूपेंद्र चौहान, देवपाल सिंह नाग, वंदना सेंगर, सीमा सिंह, मंजू राघव, सुषमा सिंह, रिचा भदौरिया, राहुल तोमर, दुष्यंत प्रताप सिसोदिया, अनुपम सिसोदिया, जितेंद्र रघुवंशी, राहुल पुंडीर, बलराज चौहान, रामवीर सिंह, इंदु सिसोदिया, श्रेया सिसोदिया, शृंखला गौतम, सुरेंद्र राघव, राजरानी राघव, जीत पाल सिंह सिसोदिया, केपी सिंह, जीपीएस चौहान, राम अवतार राणा, चित्रांगद सिसोदिया, अजय तोमर, प्रदीप सोलंकी, नेपाल सिंह सिसोदिया, राजीव ठाकुर, संग्राम सिंह, संदीप ठाकुर, अजय सिंह तोमर, नरेंद्र सिंह राघव, रीना सिसोदिया, अनुराग कुशवाहा, रविकांत सिंह समेत सैकड़ों क्षत्रिय समाज के लोग उत्सव में शामिल हुए।

## 'ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत सही दिशा में बढ़ रहा', आईओसी एफएचसी सदस्य पार्सन्स का बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भावी मेजबान आयोग के सदसय एंड्रयू पार्सन्स का मानना है कि आर्थिक और खेलों के क्षेत्र में विकास की बदौलत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का इच्छुक भारत सही दिशा में आगे बढ रहा है ।अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष पार्सन्स ने कहा कि भारत ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिये अच्छी शुरूआत की है । ओलंपिक 2032 तक ओलंपिक मेजबान देश में ही पैरालम्पिक का भी आयोजन होगा। पार्सन्स ने कहा, 'आईपीसी का अध्यक्ष और आईओसी भावी मेजबान आयोग का सदस्य होने के नाते मैं संभावना के बारे में नहीं कह सकता। लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि एक देश के रूप में भारत सही दिशा में आगे बढ रहा है । आर्थिक रूप से विकास और खेलों के क्षेत्र में प्रगति के आधार पर मैं ऐसा कह सकता हूं ।' पैरालंपिक खेलों में क्रिकेट के शामिल होने में वक्त लगेगा

क्रिकेट को 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल किया गया है लेकिन पार्सन्स ने कहा कि फिलहाल पैरालम्पिक में जगह बनाने में इसे समय लगेगा । उन्होंने कहा, 'लॉस एंजिलिस पैरालंपिक का खेल कार्यक्रम तय हो चुका है । इसमें क्रिकेट नहीं है । हम ब्रिसबेन पैरालम्पिक 2032 के लिये खेलों के चयन की प्रक्रिया में हैं ।

# 'भारत एक जुनूनी फुटबॉल राष्ट्र', मेसी ने दौरे की पुष्टि की; भारत में दोबारा खेलने पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने गुरुवार को भारत दौरे की पुष्टि कर दी है। उन्होंने इसके लिए उत्सुकता जताई है और कहा है कि एक ऐसे देश में खेलना जहां फुटबॉल को लेकर काफी जुनून है, ये उनके लिए सम्मान की बात है। मेसी 14 साल पहले भारत दौरे पर आए थे और उस दौरान उन्होंने एक दोस्ताना मुकाबले में हिस्सा लिया था।

मेसी ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा, 'इस दौरे पर आना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत एक विशेष देश है और 14 साल पहले वहां की मेरी अच्छी यादें हैं। भारत एक जुनूनी फुटबॉल राष्ट्र है और मैं नई पीढ़ी के फैंस से मिलने के लिए उत्साहित हूं।' आयोजकों ने 15 अगस्त को ही मेसी के कार्यक्रम की घोषणा कर दी थी, लेकिन इस स्टार फुटबॉलर ने पहली बार इस दौरे की पुष्टि की है।

### कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

कोलकाता में मेसी का कार्यक्रम सॉल्ट लेक स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह स्टेडियम दूसरी बार इस दिग्गज की मेजबानी करेगा। जहां वह 13 दिसंबर को जीओएटी कॉन्सर्ट और जीओएटी कप का हिस्सा बनेंगे। मेसी के जीओएटी कप में सौरव गांगुली, बाईचुंग भूटिया और लिएंडर पेस जैसे भारतीय खेल नायकों के साथ मैदान साझा करने की उम्मीद है।

आयोजक दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान एक 25 फुट ऊंचा भित्ति चित्र का अनावरण करने की भी योजना बना रहे हैं। इसके साथ ही मेसी की अब तक की सबसे बड़ी



### कई सितारों से कर सकते हैं मुलाकात

मूर्ति का उद्घाटन भी किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के लिए टिकटों की कीमत 3,500 रुपये से शुरू होने की उम्मीद है। मेसी ने इससे पहले 2011 में सॉल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फीफा के मैत्री मैच में अर्जेंटीना की कप्तानी की थी। इस दौरे के प्रमोटर शतद्रु दत्ता ने बताया कि इस दौरान भारतीय और अर्जेंटीना की संस्कृति का मिश्रण पेश किया जायेगा।

मेसी मुंबई में पैडल जीओएटी कप में भी शामिल होंगे और कई सितारों से मुलाकात करेंगे। इसमें शाहरुख खान, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और अन्य बॉलीवुड सितारे शामिल हो सकते हैं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व होने की उम्मीद है, जिसमें मेसी की टीम और स्थानीय अधिकारी दोनों शामिल होंगे। मेसी अपने दिसंबर के कार्यक्रमों की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने नवंबर के फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के लिए अपने कार्यक्रम में भारत को शामिल किया है। कोच लियोनेल स्कालोनी की यह विश्व चैंपियन टीम 10 से 18 नवंबर के बीच केरल में एक मैत्री मैच खेलने वाली है। इसके लिए हालांकि प्रतिद्वंद्वी और स्थान अभी तय नहीं किए गए हैं। टीम का यह दौरा अगर हुआ तो इसका मतलब हो सकता है कि मेसी दो महीनों के भीतर दो बार भारत आ सकते हैं। राज्य के एक सूत्र ने कहा, यह महान फुटबॉल खिलाड़ी अगर एक महीने के अंदर दो बार भारत आता है तो मुझे आश्चर्य होगा। यह भी हो सकता है कि अर्जेंटीना की टीम मेसी के बिना केरल में खेलने आए।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और 2022 फीफा विश्व कप विजेता कप्तान मेसी दुनिया भर में सबसे ज्यादा लोकप्रियता वाले फुटबॉल खिलाड़ी है। उनका दिसंबर का दौरा भारत में आयोजित होने वाले सबसे बड़े फुटबॉल-संबंधित आयोजनों में से एक होने की उम्मीद है।

### चार शहरों की करेंगे यात्रा

मेसी अपनी चार शहरों की यात्रा की शुरूआत 13 दिसंबर को कोलकाता से करेंगे, जिसके बाद वह अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली जाएंगे। इस यात्रा का समापन 15 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के साथ होगा। अर्जेंटीना का यह सुपरस्टार इस दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में शिरकत करेगा। इनमें कॉन्सर्ट, मुलाकात का सत्र, फूड फेस्टिवल, फुटबॉल मास्टरक्लास और यहां तक कि मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम में एक पैडल प्रदर्शनी भी शामिल है।

## गंदगी रूपी राक्षस का अंत करने के लिए कचरा पृथक्करण का प्रहार बेहद जरूरी : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

# महापौर सुनीता दयाल को पार्षदों व अधिकारियों ने जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती एवं विजयादशमी के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय और शहर के विभिन्न स्थलों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने ध्वजारोहण कर उपस्थित जनों और शहरवासियों को शुभकामनाएँ दीं। पार्षदों और निगम अधिकारियों ने भी देशभक्ति के नारे लगाए और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसी क्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।





### 156 घंटे सफाई अभियान का समापन

**करंट क्राइम।** लोहिया नगर स्थित गांधी पार्क में आयोजित 156 घंटे सफाई अभियान के समापन कार्यक्रम में महापौर और नगर आयुक्त ने गांधी जी और शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर सफाई मित्रों का सम्मान किया गया और उन्हें पीपीई किट वितरित की गईं। रैग पिकर्स को भी पीपीई किट उपलब्ध कराई गईं और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महापौर और नगर आयुक्त ने सफाई मित्रों के साथ सेल्फी लेकर सम्मान जताया।



### महापौर का संदेश और जन्मदिन

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने दशहरा एवं गांधी जयंती की बधाई देते हुए कहा कि गंदगी रूपी राक्षस पर विजय तभी संभव है जब शहरवासी मिलकर स्वच्छता में भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने पार्षदों, निगम अधिकारियों और नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर पार्षदों और अधिकारियों ने महापौर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएँ दीं और पुष्पगुच्छ भेंट किए।

### नगर आयुक्त का संदेश

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि गंदगी रूपी राक्षस का अंत करने के लिए कचरा पृथक्करण बेहद जरूरी है। हर नागरिक यदि गीले और सूखे कचरे को अलग करेगा तो शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना संभव होगा। उन्होंने बताया कि 156वीं गांधी जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा 156 घंटे का महासफाई अभियान चलाया गया, जिसके तहत शहर के अस्थायी कूड़ा घर हटाए गए और पाँचों जोनों में सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया।

### व्यापक सहभागिता

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में पार्षदगण, नगर निगम अधिकारी और कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया।






### किसने कह दिया हम जानते हैं घर में घुसकर टैक्स जमा कराना

मुगलों से लेकर अंग्रेजों के जमाने तक लगान की वसूली सुनी थी। मगर लोकतंत्र में लगान को लेकर इतना घमासान पहली बार देखा जा रहा है। सदन में एकजुट होकर प्रस्ताव निरस्त कर लिया। सदन के पूर्व सीनियर पार्षद कोर्ट चले गये और मौजूदा पार्षद लखनऊ तक हो आये। इधर कर वसूली का अभियान जारी है और इन सबके बीच विकास वाली औद्योगिक नगरी के कारोबारी ने जो बताया वो हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा हमने तो जनता के नुमाइंदे को स्वागत के लिए बुलाया था और उन्होंने माइक पकड़े ही कह दिया कि चुपचाप टैक्स जमा करा दो। अंदाज ये था कि अभी तो छूट मिल रही है। फिर इससे भी जाओगे। विकास वाले इंडस्ट्रियल एरिया के कारोबारी बता रहे हैं कि साफ साफ ऐलान हुआ कि अभी दे दोगे तो छूट मिलेगी वरना घरो में घुसकर लगान लेना हमें आता है। अभी छूट दे रहे हैं फिर तुम्हारे घरों में घुसकर फुट नापेंगे और टैक्स तो तुम्हें देना ही पड़ेगा। किस्सा विकास नगरी में गूंज रहा है।

### शाम को विधायक जी करके गये सफाई और सुबह फिर आ गये झाड़ू लेकर भाजपाई

स्वच्छता का अभियान चल रहा है और जो झाड़ू पहले सफाई कर्मियों के हाथ में देखी थी वो 2014 के बाद पहले पीएम ने थामी, फिर डीएम ने थामी, अब वो झाड़ू नेताओं के हाथ में है। कचरे की बात तो ये है कि निगम के अधिकारी कूडा निस्तारण को लेकर परेशान हैं और नेता सफाई करते-करते नहीं थक रहे। बापू की जयंती पर गांधी पार्क से बढ़िया डेस्टिनेशन क्या हो सकता था। लेकिन चौकीदार हैरान है कि मैं तो शाम को पार्क साफ छोड़ गया था। फिर रात में कौन कूड़ा कर गया। दरअसल एक रात में इस पार्क में इतना कचरा भर गया कि एक बार विधायक जी सफाई करने आये और दूसरी बार संगठन के मुख्य पदाधिकारी आ गये। चौकीदार बता रहा है कि मैं भी चौकीदार वाले दल के विधायक जी शाम को ही सफाई करके गये थे। फोटो भी खींचे थे और पता नहीं एक रात में कौन कचरा डाल गया। सुबह को इसी दल के संगठन वाले मुख्य पदाधिकारी आ गये। अब तलाश इस बात की हो रही है कि रात में कोई कचरा डाल गया था कि सुबह पहले कचरा डला और बाद में झाड़ू लेकर नेता जी आये।

### जब भाजपा पार्षद ने लगवा दी समाजवादी के कहने पर लाईट

वैसे तो राजनीति में ये कहावत है कि यहां गैरों से ज्यादा अपनों से ज्यादा सावधान होना है। अब अगर भगवा घमासान ही देखें तो भगवा दरवाजों पर भगवाईयों के लिए ही भाग यहां से वाला सीन है। जनप्रतिनिधि के दरवाजे से लेकर संगठन वालों के दरबार पर इसी प्रकार के किस्से सुनाई दे रहे हैं। सुना है कि अब ये आग बंगलों से होती हुई गली मौहल्लों तक आ गई है। आलम ये है कि सपाई के कहने से काम हो जायेगा, बसपाई से कहने से काम हो जायेगा। लेकिन अगर भाजपाई ने वो काम बताया है तो फिर उसमें दंगा जरूर होगा। दूसरे दलों को अपनी अर्जी में इतना बल नहीं लगाना है लेकिन भाजपाई की अर्जी है तो फिर पार्षद जी की मर्जी है कि वो करें या ना करें। किस्सा उस वार्ड से है जहां भाजपा पार्षद ने भाजपाई के कहने पर लाईट वाला काम नहीं कराया। सुना है कि फिर उसी काम के लिए एक सपाई नगर निगम में एप्लीकेशन दे आया। उसी शाम सपाई के पास भाजपाई पार्षद का फोन आया। भाजपाई पार्षद ने पूरा प्यार जताया और कहा कि सरकार आपने निगम जाने की क्यों तकलीफ की। हमें एक फोन कर देते तो हम काम करा देते। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि जो लाईट पार्षद जी ने भाजपाई के तीन बार कहने पर नही लगवाई, वो लाईट समाजवादियों की एक एप्लीकेशन पर शाम तक लग भी गई और जल भी गई।




### क्या ट्रैफिक में फिर बदलेंगे फेस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम मे वैसे को पुलिस की कइ शाखाएं हैं, पर इन दिनों ट्रैफिक वाले महकमे लगातार नई सूचनाएं, चर्चाएं और उतार-चढ़ाव होने की जानकारियां बाहर आ रही हैं। वहीं सुनने में यहां तक आ रहा है कि जिस तरीके से बीते दिनों यहां डीसीपी वाला पद सृजित किया गया है, उसके बाद एक अधिकारी की टेंशन थोड़ी बढ़ गई हैं। बताया जा रहा है कि उनका कहीं एक्सटेंशन हो सकता है या उनको नई सीट दी जा सकती है। इन सबके नीचे जिस तरीके से बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीनों जोन में अलग-अलग एसीपी स्तर के अधिकारी तैनात किए गए हैं, तो सुनने में आ रहा है कि एक एसीपी साहब का मन थोड़ा लग नहीं रहा है। उनको समय भी ज्यादा हो गया है। जिस वजह से वह अब कहीं और ठिकाना बनाने की सोच रहे हैं।




उधर ट्रैफिक विभाग वाले ही जानकारी दे रहे हैं कि लगातार यहां थ्री-स्टार बढ़ रहे हैं, पर वाहनों की संख्या अभी सीमित हैं। जिसकी वजह से परेशानी आ रही है, उधर सुनने में यहां तक आ रहा है कि खुद महकमे वाले ही बता रहे हैं कि जिस तरीके से बीते कुछ दिनों ट्रैफिक वाली स्थिति चल रही है, ऐसी कभी देखने को नहीं मिली। हालांकि चालान और नो हेलमेट जैसे अभियान तो चल रहे हैं, पर तमाम प्रमुख जाम पॉइंट और चौराहों पर वैसा प्रोटोकॉल और ड्यूटी का अनुपालन नहीं हो रहा है, जैसा पूर्व में होता था। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद जिस तरीके से लाइन वाले गेट पर नो हेलमेट वाला अभियान चलाया जा रहा है, वह फोटो तक सीमित हो गया है। तमाम पुलिस कर्मी और स्कूली छात्र बिना हेलमेट के जमकर आ जा रहे हैं, उनको रोक नहीं जा रहा है। उनके चालान नहीं हो रहे हैं। रोका जाता है तो जान पहचान और परिचय काम आ रहा है। इसी के तरह दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर किसी भी समय का हाल जाकर देखा जा सकता है कि दो पहिया जिनकी इस मार्ग पर एंट्री ही बैन है, वह भी सरपट दौड़ रहे हैं और किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना और हादसे का कारण बन सकते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों ट्रैफिक को लेकर देखना होगा कि डीसीपी पद होने के बाद क्या नए बदलाव, सुधार और व्यवस्थाएं नजर आएंगी। अब देखना होगा आगामी त्यौहारी सीजन के दौरान ट्रैफिक वालों का क्या रोल रहेगा।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गांधी जयंती पर खादी अपनाना सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम है। गांधी जी ने जिस स्वदेशी का सपना देखा, वही आज आत्मनिर्भर भारत का आधार है। आइए, खादी पहनें – स्वदेशी अपनाएँ, राष्ट्र को सशक्त बनाएँ। ये ही संदेश इस पोस्ट में पूर्व मेयर आशु वर्मा ने दिया। स्वदेशी के प्रति जागरूक करने वाली उनकी ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## भाजपा महानगर गाज़ियाबाद ने गांधी-शास्त्री जयंती पर पुष्पांजलि व स्वच्छता अभियान चलाया

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के समापन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गांधी पार्क, निकट अग्रसेन भवन लोहिया नगर में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे हुआ, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने गांधीजी और शास्त्रीजी की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा खादी वस्त्र अपनाने और स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग का संकल्प लिया गया।



भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। हमें गांधीजी के स्वच्छता और आत्मनिर्भरता के विचारों को जीवन में उतारना होगा।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमें स्थानीय उद्योग और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देना चाहिए। गांधीजी के सत्य और अहिंसा के मार्ग तथा शास्त्रीजी के 'जय जवान जय किसान' का नारा आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है। भाजपा कार्यकर्ता इस विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का काम करें। स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि गांधीजी और शास्त्रीजी का जीवन हमें सादगी, सत्य और सेवा का संदेश देता है। नगर निगम लगातार स्वच्छता और स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। खादी केवल वस्त्र नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। अंत में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से आह्वान किया कि सेवा पखवाड़े के समापन के साथ हम सब आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य से जुट जाएं और राष्ट्रहित में स्वदेशी, स्वच्छता और सेवा भाव से कार्य करते रहें।

इस अवसर पर अशोक मोंगा, सरदार एसपी सिंह, सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, तरुण शर्मा, सुरेंद्र नागर, गौरव चोपड़ा, प्रदीप चौधरी, प्रदीप चौहान, सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दशहरा पर्व पर सांसद प्रतिनिधि ने किया बच्चो के साथ रावण पुतला दहन

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** विजयादशमी के पावन अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल 'मेदी वालों' ने अपने आवास थर्ड ए-56, नेहरू नगर पर परिवार सहित 18 फुट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया। इस मौके पर कॉलोनी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक 'जय श्रीराम' के उद्घोष किए। पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से राममय हो उठा।

कार्यक्रम में मित्तल के साथ उनकी धर्मपत्नी मनीष मित्तल, पुत्र अनुज मित्तल व पुत्रवधू सुरभि मित्तल, सुपुत्री पारीशा मित्तल व दामाद विशाल अग्रवाल (राजस्थान), तथा पौत्र नील्य, अदने, धवते, अवियान और वायु सम्मिलित रहे। संपूर्ण परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया।



## न्यूज डायरी

### फ्रांस में रूसी टैंकर के दो क्रू गिरफ्तार

**फ्रांस।** फ्रांस की पुलिस ने रूस से जुड़े एक तेल टैंकर के कप्तान और मुख्य अधिकारी को हिरासत में लिया है। यह टैंकर पश्चिमी तट पर रोका गया था। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आरोप लगाया कि यह जहाज रूस के 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा है, जो पुराने और संदिग्ध जहाजों के जरिए पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों को दरकिनार करता है। टैंकर का नाम कई बार बदला गया और यह बेनिन के झंडे के तहत चल रहा था। अधिकारियों ने बताया कि क्रू ने जांच में सहयोग नहीं किया और जहाज की वास्तविक राष्ट्रीयता साबित करने में विफल रहा। जहाज रूस के प्रिमोर्स्क टर्मिनल से चला था और अब फ्रांस के सेंट–नाजेयर तट पर रुका है। मामले की जांच जारी है।

### जिनपिंग से मिलेंगे ट्रंप, सोयाबीन पर करेंगे चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि करीब चार हफ्ते में वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्राध्यक्ष से मुलाकात के दौरान सोयाबीन पर चर्चा एक प्रमुख विषय रहेगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, हमारे देश के सोयाबीन किसानों को नुकसान हो रहा है क्योंकि चीन केवल 'बातचीत' कर रहा है और अमेरिकी किसानों से सोयाबीन नहीं खरीद रहा है।

### फिलीपींस में भूकंप से 72 की मौत

**फिलीपींस।** मध्य फिलीपींस में भूकंप के बाद बचावकर्मी बैकहो (भारी मशीन) और खोजी कुत्तों की मदद से ध्वस्त हुए मकानों और अन्य क्षतिग्रस्त इमारतों में जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। इस भूकंप में 72 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हुए हैं। मगंलवार की रात करीब दस बजे 6.9 तीव्रता वाले इस भूकंप ने व्यापाक नुकसान पहुंचा। लोग सीबू प्रांत के बोगो शहर और आस–पास के ग्रामीण इलाकों में कई लोग फंस गए। लगातार बारिश और टूटे हुए पुल और रास्तों ने बचाव कार्यों को काफी मुश्किल बना दिया है।

### बेलारूस के विपक्षी नेता और पूर्व राष्ट्रपति उम्मीदवार नौ सितंबर से गायब

**बेलारूस।** बेलारूस के सत्तावादी शासन का विरोध करने वाले प्रमुख नेता मिकलाई स्टाटकेविच अचानक गायब हो गए हैं। वह अमेरिका की मदद से कैदियों की रिहाई के दौरान अपने देश छोड़ने से इनकार कर चुके थे। पिछले महीने बेलारूस के कई राजनीतिक कैदी लिथुआनिया की सीमा पार करने के लिए बस में बैठे थे, जो आजादी के कुछ ही कदम दूर थे। लेकिन स्टाटकेविच अचानक बस का दरवाजा खोलकर उतर गए थे। उन्होंने अपनी मातृभूमि को छोड़ने इनकार कर दिया था। इन राजनीतिक कैदियों को राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने माफ किया था। नौ सितंबर के इस घटना के बाद से मिकलाई स्टाटकेविच को किसी ने नहीं देखा है। मानवाधिकार कार्यकर्ता बेलारूसी अधिकारियों से मांग कर रहे हैं कि वे 69 साल के इस विपक्षी नेता और पूर्व राष्ट्रपति उम्मीदवार की स्थिति बताएं।

### रूसी तटों पर कोई परमाणु पनडुब्बी नहीं भेज पाया अमेरिकाः मेदवेदेव

**मास्को।** रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मजाक उड़ाते हुए कहा कि अमेरिका रूसी तटों पर कोई परमाणु पनडुब्बी नहीं भेज पाया, जिसका ट्रंप ने दंभ भरा था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, कहते हैं कि अंधेरे कमरे में काली बिल्ली को ढूंढना मुश्किल है– खासकर अगर वह वहां हो ही ना। ट्रंप ने मंगलवार को मेदवेदेव को मूर्ख व्यक्ति बताया था और दावा किया कि अमेरिका ने रूस के तट पर एक–दो पनडुब्बियां तैनात की हैं।

### सेना को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रक्षा खर्च बढ़ाएगा दक्षिण कोरिया

**दक्षिण कोरिया।** दक्षिण कोरिया ने अपनी सेना को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रक्षा खर्च में वृद्धि करने का संकल्प लिया है। अमेरिकी टैरिफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका प्रथम एजेंडे से उपजी सुरक्षा चिंताओं के बीच राष्ट्रपति लीजे म्युंग ने बुधवार को यह घोषणा की। हालांकि, म्युंग ने दक्षिण कोरिया–अमेरिका सैन्य गठबंधन को मजबूत बताया। सशस्त्र सेना दिवस समारोह में म्युंग ने कहा, कोरिया गणराज्य में शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए हमें किसी और पर निर्भर नहीं रहना होगा, बल्कि अपनी शक्ति को मजबूत करना होगा।

### प्रसिद्ध संरक्षणवादी जेन गुडॉल का अमेरिका में निधन

**न्यूयॉर्क।** प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और चिंपैंजी पर शोध करने वाले विद्वान जेन गुडॉल का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अमेरिका के न्यूयॉर्क में जेन गुडॉल इंस्टीट्यूट ने बुधवार को उनके निधन की पुष्टि की। अफ्रीका में चिंपैंजियों के साथ रहते हुए उन्होंने उनके औजारों के उपयोग और अलग–अलग व्यक्तित्वों को दर्ज किया, जिससे जानवरों की सामाजिक और भावनात्मक जटिलता को लेकर दुनिया की सोच बदल गई। बाद के वर्षों में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और मानवीय मुद्दों पर वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाई। अपनी सौम्य आवाज और आशावादी संदेशों के साथ वे जलवायु संकट के बीच भी उम्मीद की किरण बनी रहीं।

### हैती में संयुक्त राष्ट्र के अनुमोदन वाले नए अंतरराष्ट्रीय बल का स्वागत

**हैती।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कैरेबियन देश हैती में गिरोहों पर नियंत्रण के लिए एक नई अंतरराष्ट्रीय बल की मंजूरी दी है। यह बल पहले से मौजूद केन्याई पुलिस के नेतृत्व वाले छोटे मिशन की जगह लेगा, जिसका कार्यकाल 2 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। राजधानी पोर्ट–ओ–प्रिंस का 90% हिस्सा अब गिरोहों के नियंत्रण में है, जो हत्या, अपहरण और यौन हिंसा जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। राष्ट्रपति जोवेनेल मोइस की 2021 में हत्या के बाद से हालात बिगड़ते गए हैं। हालांकि, हैती के लोग और विशेषज्ञ इस नई अंतरराष्ट्रीय पहल को लेकर सतर्क और आशंकित हैं।

### सर्बिया में वुसिक के खिलाफ आक्रोश, निरंकुशता का आरोप लगाते हजारों लोग सड़कों पर उतरे

**सर्बिया।** बाल्कन देश सर्बिया में राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूचिच के खिलाफ हजारों लोगों ने बुधवार को कई शहरों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए। ये प्रदर्शन एक साल पहले नोवी साद में ट्रेन स्टेशन की छत गिरने से 16 लोगों की मौत की बरसी पर हुए, जिसे भ्रष्टाचार और लापरवाही का नतीजा माना जा रहा है। छात्र न्याय और समयपूर्व चुनाव की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने मोबाइल की रोशनी जलाकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। सरकार ने हाल के हफ्तों में आंदोलन को दबाने की कोशिश की है। वूचिच पर लोकतंत्र को कुचलने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप लगे हैं, जिन्हें उन्होंने नकारा है।

### गाजा शांति योजना के बाद इस्राइली हमलों में 16 मौतें

**वागिंटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा रखी गई गाजा शांति योजना के अगले ही दिन इस्राइल ने बुधवार को गाजा में हमले जारी रखे। इसमें 16 फलस्तीनी मारे गए। उधर, दुनिया गाजा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति की शांति योजना पर हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है। हमास ने कहा है कि वह अभी शांति योजना का अध्ययन कर रहा है। बुधवार को हुए हमलों के मृतकों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने गाजा शहर में विस्थापितों को आश्रय देने वाले एक स्कूल में शरण ली थी। उधर, पोप ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई व युद्धविराम का आह्वान दोहराते हुए योजना मानने को कहा है।

### नेपाल : तलेजू भवानी मंदिर के कपाट खुलने पर लंबी कतारों में जुटे भक्त

**काठमांडू।** देवी तलेजू भवानी के मंदिर के कपाट साल में केवल एक दिन के लिए खुलने पर हजारों भक्त आशीर्वाद पाने के लिए लंबी कतारों में लगे रहे। गढ़ी बैठक के सामने खुले चौक पर बलि भी दी गई। महानवमी पर वर्ष में एक बार खुलने वाली तलेजू भवानी को नेवा की प्रमुख देवी और बच्चों की रक्षक माना जाता है। हनुमानधोका दरबार क्षेत्र स्थित तलेजू भवानी मंदिर में बुधवार को विशेष पूजा आयोजित की गई।

### जर्मनी में नाटकों-गीतों के जरिये दुर्गोत्सव

**जर्मनी।** जर्मनी में भारतीय राजदूत ने बर्लिन के गणेश मंदिर में दुर्गा पूजा समारोह में भाग लिया। यहां बच्चों और वयस्कों ने गीतों और नाटकों के माध्यम से देवी की पूजा की। दुर्गोत्सव के मौके पर भारतीय दूतावास ने कहा, राजदूत प्रीति गुप्ते भी पूजा समारोह में शामिल हुईं। बच्चों और वयस्कों ने नाटकों और गीतों के माध्यम से देवी दुर्गा द्वारा महिषासुर के वध की कथा सुनाई। दुर्गा पूजा 2 अक्तूबर को विजयदशमी पर समाप्त होगी।

### मॉरीशस में सीजेआई गवई ने महात्मा गांधी को किया नमन

**मॉरीशस।** भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई और उनके परिवार ने मॉरीशस के महात्मा गांधी संस्थान में गांधी जयंती समारोह में भाग लिया और राष्ट्रपिता को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## 'पीओके मांगे आजादी' की गूंज, गांव-गांव फैला आंदोलन

# पाकिस्तानी सेना व सरकार के लिए चुनौती गहराई



**इस्लामाबाद।** पीओके में इस बार का आंदोलन पहले से कहीं ज्यादा व्यापक, संगठित और प्रभावशाली हो गया है। पाकिस्तान सेना की बर्बरता, महंगाई, बिजली संकट व सियासी असंतोष से यह विरोध अब पीओके मांगे आजादी के नारों के साथ गांव-गांव तक फैल चुका है। राजधानी मुजफ्फराबाद से आगे बढ़कर रावलकोट, कोटली, मीरपुर और अन्य जिलों तक पहुंचे इस आंदोलन ने सेना व सरकार लिए हालात मुश्किल कर दिए हैं।

एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच के अनुसार पहले के आंदोलन सिर्फ राजधानी तक सीमित होते थे। अब यह ढांचा टूट गया है। रावलकोट में वकीलों और शिक्षकों ने बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया। कोटली में युवाओं और छात्रों ने लंबा मार्च निकाला। मीरपुर के कस्बों में व्यापारी संगठनों ने बाजार बंद कराए। ग्रामीण किसानों, छोटे दुकानदारों ने भी धरने किए। कई स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हाल में झड़पें भी हुईं। इससे पाकिस्तानी सेना व सरकार के लिए चुनौती गहरा गई है।

स्वतंत्र पर्यवेक्षकों के मुताबिक, आंदोलन संगठित करने में तारीक हामिद चुघताई, लतीफ शाह और गुलाम मुर्तजा जैसे नेताओं की अहम भूमिका है। चुघताई लंबे समय से बिजली और संसाधनों के अधिकार की मांग उठाते रहे हैं। लतीफ शाह वकीलों के संगठन से जुड़े होने के कारण आंदोलन को कानूनी वैधता व सियासी तर्क प्रदान कर रहे हैं।

### सुरक्षा बलों को चुनौती

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान सरकार ने पीओके में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की है। बावजूद इसके, गांव-गांव तक फैली जनता की भागीदारी ने सुरक्षा तंत्र को दबाव में डाल दिया है। स्थानीय पत्रकार मानते हैं कि अब केवल राजधानी को काबू में रखकर इस आंदोलन को खत्म करना संभव नहीं होगा। यह सुरक्षा बलों के लिए चुनौती है।

## डीएसीए आवेदन फिर शुरू कर सकती है ट्रंप सरकार, अमेरिका में रहने और काम करने का मिलेगा परमिट



**वाशिंगटन।** अमेरिका की ट्रंप सरकार डीएसीए कार्यक्रम को शुरू करने पर विचार कर रही है। डीएसीए के तहत कानूनी आव्रजन के बिना कुछ लोगों को अमेरिका में रहने और काम करने की सुविधा मिलेगी। संघीय सरकार के वकीलों और अप्रवासी अधिवक्ताओं ने एक संघीय न्यायाधीश के सामने ये योजना पेश की। डीएसीए को 'बाल्यावस्था आगमन के लिए विलंबित कार्रवाई कार्यक्रम' के नाम से जाना जाता है।

टेक्सास में सोमवार को न्याय विभाग द्वारा एक कानूनी फाइलिंग दायर की गई है, अगर संघीय न्यायाधीश इसे मंजूरी दे देते हैं तो लाखों लोग ऊ्रअउअ में नामांकन के पात्र हो सकते हैं। ओबामा सरकार में डीएसीए योजना बनाई गई थी। यह उन लोगों को, जिनके पास कानूनी आव्रजन नहीं है और जिन्हें उनके माता-पिता अमेरिका में लाए थे, उन्हें इस योजना के तहत अमेरिका में कानूनी रूप से रहने और काम करने के लिए दो साल का परमिट मिलता है। इसे दो साल बाद नवीकृत भी कराया जा सकता है। इस योजना के तहत लोगों को अमेरिका में कानूनी दर्जा तो नहीं मिलेगा, लेकिन उन्हें निर्वासित नहीं किया जा सकेगा।

डीएसीए योजना के तहत वो लोग आवेदन कर सकते हैं, जो अपने 16वें जन्मदिन से पहले बच्चों के रूप में अपने माता-पिता के साथ अमेरिका आए थे। हालांकि इसके आवेदक किसी गंभीर अपराध, दुष्कर्म आदि मामलों में दोषी नहीं होने चाहिए। माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट के 2023 के अनुमान के अनुसार, डीएसीए में पहले से नामांकित 533,000 से अधिक लोगों के अलावा, देश भर में लगभग 11 लाख लोग पात्र हो सकते हैं।

## इस्राइली नाकेबंदी तोड़ने में नाकाम फ्लोटिला नावें, सभी कार्यकर्ताओं को किया गिरफ्तार



**इस्राइल।** इस्राइली नौसेना ने गाजा की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमूद फ्लोटिला' को रोक लिया और उसमें सवार कई देशों के कार्यकताओं व नेताओं को हिरासत में ले लिया। आयोजकों के मुताबिक, लगभग 40 नौकाओं में से 39 या तो रोकी जा चुकी हैं या फिर उनका संपर्क टूट गया है। केवल एक नाव गाजा के तट के करीब तक पहुंची थी, लेकिन गुरुवार सुबह उसका भी संपर्क खो गया। कार्यकताओं का कहना था कि चूंकि नावों की संख्या अधिक है, इस्राइल के लिए सबको रोकना मुश्किल होगा। बेड़े में 500 से ज्यादा कार्यकर्ता शामिल थे और नावों पर प्रतीकात्मक रूप से मानवीय सहायता सामग्री भी रखी गई थी। सभी नावों से लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, लेकिन बुधवार रात से जब इस्राइली नौसेना कार्रवाई शुरू हुई तो सभी नावों का एक-एक कर संपर्क टूटता गया।

इस्राइल ने जिन कार्यकर्ताओं को पकड़ा है, उनमें प्रमुख नाम हैं- जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग, बार्सिलोना की पूर्व मेयर एडा कोलाउ, यूरोपीय संसद की सदस्य रीमा हसन और कई अन्य। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो जारी कर कहा कि सभी कार्यकर्ता 'सुरक्षित और स्वस्थ' हैं और उन्हें यूरोप वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### कैसे हुई कार्रवाई?

आधी रात से शुरू हुई इस कार्रवाई में इस्राइली नौसैनिक जहाजों ने कार्यकताओं की नावों पर पानी की तोपें चलाईं और तेज रोशनी डाली। उसके बाद सैनिक नावों पर चढ़ गए। कार्यकताओं ने पहले से तैयारी कर रखी थी- वे लाइफ जैकेट पहनकर गोल घेरे में बैठ गए और हाथ ऊपर उठा दिए। कुछ ने मोबाइल से लाइव प्रसारण किया और फिर अपने फोन समुद्र में फेंक दिए ताकि जब्त न किए जा सकें। सुबह तक ज्यादातर नावें कब्जे में ली जा चुकी थीं। इस दौरान टकराव या हिंसा की बड़ी घटनाएं सामने नहीं आईं।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को बेनकाब किया मानवाधिकारों में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश बताया




**नई दिल्ली।** भारत ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में मानवाधिकारों के मुद्दे पर पाकिस्तान के पाखंड को बेनकाब किया। भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर करते हुए उसकी तीखी आलोचना की। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा कि 'यह विडंबना ही है कि मानवाधिकारों के मामले में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश दूसरे देशों को उपदेश देने की कोशिश कर रहा है।'

### भारतीय राजनयिक ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

भारतीय राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने मानवाधिकार परिषद की 34वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा, 'वे (पाकिस्तान) भारत के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाकर इस मंच का दुरुपयोग करते हैं, जो उनके पाखंड को ही उजागर करता है। दुष्प्रचार का सहारा लेने के बजाय, पाकिस्तान को अपने ही देश में हो रहे धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ 'राज्य प्रायोजित उत्पीड़न और व्यवस्थित भेदभाव' की तरफ देखना चाहिए।'

### पीओके में बगावत

गौरतलब है कि मानवाधिकार परिषद का यह सत्र ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में असंतोष के हालात हैं और बीते कई दिनों से वहां विरोध प्रदर्शन और हिंसा हो रही है, जिसमें कई लोगों की हत्या कर दी गई है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के प्रवक्ता नासिर अजीज खान ने यूएनएचआरसी को संबोधित करते हुए, पीओके में पाकिस्तान के बढ़ते दमन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की मांग की। खान ने पीओके में हालिया विरोध प्रदर्शनों पर बात की, जिसमें 29 सितंबर को संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में पूर्ण बंद और चक्का जाम हड़ताल की गई। उन्होंने इस्लामाबाद पर असहमति को दबाने के लिए सेना तैनात करने, इंटरनेट सेवाएं बंद करने और संचार व्यवस्था ठप करने का आरोप लगाया। खान ने कहा, 'पीओजेके में 30 लाख से ज्यादा कश्मीरी घेरे में हैं, जबकि विदेशों में 20 लाख लोग अपने परिवारों से कटे हुए हैं।'

## हूती विद्रोहियों ने डच ध्वज वाले जहाज पर हमले की बात स्वीकारी, अदन की खाड़ी में हुआ था हमला



**यमन।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार तड़के अदन की खाड़ी में डच ध्वज वाले जहाज पर हमले की जिम्मेदारी ले ली है। इस हमले में डच ध्वज वाला मालवाहक जहाज जलकर खाक हो गया था। यह हमला सोमवार को हुआ, जो अदन की खाड़ी में ईरान समर्थित हूतियों द्वारा महीनों में किया गया सबसे गंभीर हमला था। अदन की खाड़ी, लाल सागर से कुछ दूरी पर है। लाल सागर में हूती विद्रोही नवंबर 2023 से अब तक चार जहाज डुबोए हैं।

### हूतियों ने क्रूज मिसाइल से किया जहाज पर हमला

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इस्राइल के गाजा शहर पर हमले जारी हैं और युद्धविराम की कोशिशें अभी भी अधर में लटकी हुई हैं। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र द्वारा ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम के लिए फिर से प्रतिबंध लगाए जाने के बाद मध्य पूर्व में भी तनाव है। हूतियों ने अमेरिकी तेल कंपनियों को भी निशाना बनाने की धमकी दी है। हूतियों के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बताया कि एक क्रूज मिसाइल से मालवाहक जहाज को निशाना बनाया।

सारी ने जहाज के मालिक, एम्स्टर्डम स्थित स्प्लिएथॉफ पर फलस्तीन के बंदरगाहों में प्रतिबंध के बावजूद प्रवेश करने का आरोप लगाया। इस हमले में जहाज पर सवार दो नाविक घायल हो गए, जिसके 19 सदस्यीय चालक दल के सदस्य फिलीपींस, रूस, श्रीलंका और यूक्रेन से थे। हमले में भारी नुकसान होने के बाद उन्हें जहाज खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### कंपनी ने बयान जारी कर हमले को नौवहन के अधिकार का उल्लंघन करार दिया

जहाज के स्वामित्व वाली डच कंपनी स्प्लिएथॉफ ने एक बयान में कहा, 'हम इस हफ्ते की घटना पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हैं, जो हमारे निर्दोष नाविकों पर सीधा हमला और स्वतंत्र नौवहन के अधिकार का उल्लंघन है।' नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अलग से कहा कि वह इस हमले के लिए हूतियों पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध लगाने का प्रयास करेगा। बयान में कहा गया, 'हूतियों ने लंबे समय से नौवहन की स्वतंत्रता के लिए एक गंभीर खतरा पैदा किया है। यह अस्वीकार्य है।'

हूतियों ने गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से फलस्तीन के समर्थन में इस्राइल या उससे जुड़े 100 से ज्यादा जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। हालांकि हूतियों ने कई ऐसे जहाजों को भी निशाना बनाया, जिनका इस्राइल से कोई संबंध नहीं था। नौवहन के खिलाफ हूतियों के अभियान में कम से कम आठ नाविक मारे गए हैं और चार जहाज डूब गए हैं। हूतियों के हमलों के चलते पिछले दो वर्षों में लाल सागर में नौवहन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। लाल सागर क्षेत्र से गाजा युद्ध शुरू होने से पहले हर साल करीब 1 ट्रिलियन डॉलर का माल गुजरता था।

## अमेरिकाः न्यूयॉर्क के ला गार्डिया एयरपोर्ट पर दो विमान आपस में टकराए, एक यात्री घायल



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित ला गार्डिया हवाई अड्डे पर बुधवार को दो विमान टैक्सीवे पर आपस में टकरा गए। दोनों विमान डेल्टा एयरलाइंस की सहायक कंपनी एंडेवर एयर द्वारा संचालित थे। इस हादसे में एक यात्री घायल हुआ है। हादसे के बाद दोनों विमानों में सवार यात्रियों को नीचे उतारकर बस के जरिए टर्मिनल तक ले जाया गया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने हवाई अड्डा प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, एक विमान लैंडिंग के बाद गेट की ओर जा रहा था, तभी रात 9:58 बजे (स्थानीय समयानुसार) एक दूसरा विमान उससे टकरा गया, जो टेकऑफ की तैयारी में था। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो और तस्वीरों में देखा जा सकता है कि एक विमान का पंख पूरी तरह से टूट गया है। घायल यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों विमान बॉम्बार्डियर सीआरजे-900 मॉडल के थे।

### डेल्टा एयरलाइंस ने जारी किया बयान

डेल्टा एयरलाइंस ने बयान में कहा कि यह धीमी रफ्तार की टक्कर एंडेवर एयर की दो उड़ानों के बीच हुई- एक उड़ान (5047) नॉर्थ कैरोलिना के शार्लेट से आ रही थी और दूसरी उड़ान (5155) जो वर्जीनिया के रोअनोक के लिए रवाना होने वाली थी। एयरलाइन के अनुसार, शुरूआती जानकारी से पता चला है कि उड़ान-5155 का एक पंख उड़ान-5047 के शरीर से टकराया। एक फ्लाइट अटेंडेंट को हल्की चोट लगी, जिसे मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। बाद में उसे अस्पताल भेजा गया।

### दोनों विमानों में कितने लोग सवार थे?

उड़ान-5155 में कुल 32 लोग सवार थे, जिनमें 28 यात्री और चार क्रू सदस्य थे। उड़ान-5047 में 61 लोग सवार थे, जिसमें 57 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। उड़ान 5047 में सवार एक पत्रकार ने टक्कर के बाद दूसरे विमान के टूटे पंख का वीडियो अपने मोबाइल से रिकॉर्ड किया। वीडियो में फ्लाइट का पायलट इंटरकॉम पर यात्रियों से कहता सुनाई देता है- ऐसा लग रहा है कि कोई विमान हमसे टकरा गया है।'

### यात्रियों को होटल में ठहराया गया, नई उड़ानें बुक की गईं

फिलहाल, टक्कर की वजह साफ नहीं हो पाई है। हवाई अड्डा प्रशासन ने कहा कि इस घटना का हवाईअड्डे के बाकी संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। दोनों विमानों के यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतार कर शटल बसों के जरिए टर्मिनल तक पहुंचाया गया। एयरलाइन ने कहा कि जिन यात्रियों को जरूरत थी, उन्हें होटल में ठहराने की व्यवस्था की गई और गुरुवार को उनके लिए नई उड़ानों की गईं।

डेल्टा एयरलाइंस ने बयान में कहा, हमारी टीम न्यूयॉर्क-ला गार्डिया हवाई अड्डे पर यात्रियों का ध्यान रख रही है। एंडेवर एयर द्वारा संचालित दो विमानों की धीमी रफ्तार वाली टक्कर की जांच में हम सभी अधिकारियों के साथ जरूरी सहयोग करेंगे। हमारे लिए सबसे अहम बात हमारे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा है। इस असुविधा के लिए हम अपने यात्रियों से माफी मांगते हैं।

## 'कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहा पाकिस्तान', यूरोपीय सांसदों ने की जीएसपी प्लस दर्जा खत्म करने की मांग



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का यूरोपीय देशों में मिला व्यापार प्राथमिकता वाले देश का दर्जा छिन सकता है। दरअसल यूरोप के कई सांसदों ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, कट्टरपंथ को बढ़ावा देने जैसे आरोप लगाए। यूरोपीय सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान के व्यापार प्राथमिकता वाले जीएसपी प्लस दर्जे को अस्थायी तौर पर वापस ले लेना चाहिए और पाकिस्तान द्वारा कट्टरपंथ पर रोक लगाने के बाद ही इसे बहाल किया जाना चाहिए।

### यूरोपीय सांसदों ने की पाकिस्तान का जीएसपी प्लस दर्जा खत्म करने की मांग

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60वें सत्र से इतर एक कार्यक्रम में यूरोपीय संसद की सदस्य बारबरा बोन्टे ने यूरोपीय संघ को चेताया कि यूरोप द्वारा पाकिस्तान को शिक्षा के लिए दी जा रही आर्थिक मदद वहां चरमपंथ और धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बड़ी संख्या में मदरसे खुल रहे हैं, जो धार्मिक कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे हैं।

### क्या है जीएसपी प्लस दर्जा का फायदा

उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ द्वारा विकासशील देशों को सतत विकास और सुशासन के लिए सामान्यीकृत वरीयता योजना प्लस (जीएसपी+) का दर्जा दिया जाता है। इसके तहत विकासशील देशों को मानवाधिकार, श्रम अधिकार, पर्यावरण, सुशासन आदि पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित करना होता है। इसके बदले में यूरोपीय संघ के देश जीएसपी प्लस दर्जा प्राप्त देशों से होने वाले आयात पर आयात शुल्क घटाकर शून्य कर देते हैं। पाकिस्तान को जीएसपी प्लस दर्जे से काफी फायदा होता है और उसका सामान बिना किसी शुल्क के यूरोपीय संघ के देशों के बाजार में पहुंचता है।

बोन्टे ने कहा कि यूरोपीय संघ द्वारा पाकिस्तान में शिक्षा के लिए दी जा रही आर्थिक मदद से मदरसे खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में कुछ सौ मदरसे थे, जो अब बढ़कर 30 हजार से भी ज्यादा हो गए हैं। यूरोपीय सांसद ने कहा कि मदरसे में पढ़े युवा कट्टरपंथी सोच के होते हैं। उन्होंने अपील की कि यूरोपीय देश कट्टरपंथ को रोकने के लिए पाकिस्तान को दी जाने वाली फंडिंग रोके और पाकिस्तान के जीएसपी प्लस दर्जे को भी अस्थायी तौर पर स्थगित कर दे। यूरोपीय फैसिलिटेशन प्लेटफॉर्म की सीईओ इना सेफ्रानोवा ने भी पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताई। उन्होंने पाकिस्तान में ईशनिंदा कानून के तहत मानवाधिकार उल्लंघन की बढ़ती घटनाओं पर भी चिंता जताई और पाकिस्तान के जीएसपी प्लस दर्जे को स्थगित करने की मांग की।

# शिक्षा विहार सहकारी आवास समिति का भूमि पूजन संपन्न











**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षा विहार सहकारी आवास समिति तथा गौतम रैपिड प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वाधान में शुरू होने वाले हाउसिंग प्रोजेक्ट का भूमि पूजन गुरुवार को इंदिरापुरम में संपन्न हुआ। इंदिरापुरम के अभय खंड में शुरू होने वाला यह प्रोजेक्ट शिक्षा विहार सहकारी आवास समिति और गौतम रैपिड प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है। यह एक आवासीय योजना है और गौतम रैपिड प्रोजेक्ट तथा शिक्षा विहार सहकारी आवास समिति के कोलैबोरेशन में इसका अनुबंध हुआ है। गौतम रैपिड प्रोजेक्ट के एमडी दीपक गौतम तथा शिक्षा विहार सहकारी आवास समिति के योगेश गुप्ता ने हवन पूजन के अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# संजय नगर रामलीला में मुख्य अतिथि बने समाजसेवी अभिषेक गर्ग



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर स्थित श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के मंच पर विजयादशमी महोत्सव का आयोजन धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता अभिषेक गर्ग (प्रदेश सचिव, समाजवादी पार्टी) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अभिषेक गर्ग ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच से उन्होंने कहा कि रामलीला हमारी संस्कृति और परंपरा की जीवंत झलक है, जो समाज को सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने अभिषेक गर्ग का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नारायण भवन भव्य गृह प्रवेश पर मोदी परिवार ने किया स्वागत









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोदी नगर के आलोक पार्क में नवनिर्मित नारायण भवन का गृह प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर मोदी परिवार से संदीप मोदी, रचना मोदी, पुरुषोत्तम दास मोदी, शशि मोदी, सिद्धि मोदी, सिद्धार्थ मोदी ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने रामलीला और दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर दी शुभकामनाएँ

## कहा - ये पर्व आस्था और संघर्ष की प्रेरणा देता है





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं विधायक साहिबाबाद सुनील कुमार शर्मा ने दशहरा से पूर्व गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामलीला एवं दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ धर्ममय वातावरण का आनंद लिया और सभी को शुभकामनाएँ दीं।

कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि दशहरा से एक दिन पूर्व जब सम्पूर्ण वातावरण श्रीराम भक्ति में डूब जाता है, तो यह हमारे समाज की सांस्कृतिक चेतना और आस्था को और प्रबल करता है। नवरात्रि की सांस्कृतिक चेतना और आस्था को और प्रबल करता है। दुर्गा पूजा माँ शक्ति की आराधना का महापर्व है, जो हमें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में गौरव सोलंकी पार्षद, नरेश भाटी पार्षद, राजकुमार भाटी पार्षद, योगेश भाटी वरिष्ठ भाजपा नेता, रामबीर यादव सभासद, देवेंद्र यादव, ललित जायसवाल, राजेश शर्मा सभासद, जीतू राय मंडल अध्यक्ष, राजवीर शर्मा सभासद, गजेंद्र नेगी सभासद, देवेंद्र गिरी, नागेंद्र चौहान सभासद, घनश्याम तिवारी, अमित राज उपाध्याय, रामदास, संजीव गिरी सभासद, गौरव तोमर, विकास मिश्रा, गुलाब राजोरा, जयकरण यादव, दीपक अग्रवाल, मुकेश शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, मुकेश गिरी, विनय गुप्ता, शिव कुमार शर्मा, राजवीर यादव, राजेश जोशी, संदीप राणा सहित कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने सभी से अपील की कि वे जीवन में आदर्शों, मर्यादा और त्याग का अनुसरण करें और अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करें। उन्होंने माता रानी से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की।

# गाज़ियाबाद सपा कार्यालय पर मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी कार्यालय गाज़ियाबाद में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद आयोजित गोष्ठी में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन (एडवोकेट) ने कहा कि महात्मा गांधी का पूरा जीवन राष्ट्र और समाज के हर वर्ग के लिए समर्पित रहा। वहीं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव (एडवोकेट) ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री के आदर्श और 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना स्वतंत्रता संग्राम के बाद था।

**कार्यक्रम में शामिल लोग :** कार्यक्रम में नितिन त्यागी, राजन कश्यप, रमेश यादव, प्रो. भुवन जोशी, सरवन कुमार त्यागी, कर्मवीर सिंह, राज देवी चौधरी, ताहिर हुसैन, इरफान अमानत चौधरी, अंशु ठाकुर, विवेक त्यागी, असलम कुरैशी, साकिर हुसैन, राजवीर सिंह गौतम, सौदान गुर्जर, कृष्ण यादव, पंकज तिवारी, प्रदीप नगर, मैनपाल नगर, सुनील जिंदल, प्रवीण यादव, शमशाद खान, गुल मोहम्मद मंसूरी, वसीम बाबू, मालती चौहान, खालिद हुसैन और रिजवान चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल रावत (कार्यालय प्रभारी) ने किया।

# विजय की वेला में श्रद्धा, शौर्य और संस्कृति का संगम

## 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ में विजयादशमी पर्व का भव्य आयोजन सम्पन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2 अक्टूबर 2025 को 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ, गाज़ियाबाद परिसर में विजयादशमी पर्व अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि राष्ट्रीय सेवा, कर्तव्यबोध और सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति भी बना। पूरे नवरात्रि काल में वाहिनी परिसर में माँ दुर्गा के विविध रूपों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। प्रत्येक दिन की आराधना में माँ के एक-एक स्वरूप को समर्पित भाव से नमन किया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक श्रद्धा की अनूठी छटा बिखरी रही। नवमी के दिन माँ दुर्गा की विशेष पूजा के उपरांत विधिविधान से हवन सम्पन्न हुआ, जिसमें वाहिनी के अधिकारीगण, रेस्क्यूर्स एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। इसके पश्चात परंपरागत बल परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रत्येक शस्त्र को नमन करते हुए रेस्क्यूर्स ने अपने कर्तव्य, साहस और समर्पण को पुनः स्मरण किया।

इस गरिमामयी आयोजन के मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार तिवारी, उप महानिरीक्षक, 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ एवं नावा अध्यक्ष डॉ. अनुपमा गौतम रहीं। दोनों अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। उनके नेतृत्व में माँ दुर्गा की प्रतिमा का भावपूर्ण विसर्जन विधिविधान से सम्पन्न हुआ, जिसमें वाहिनी परिवारों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी भावनात्मक सहभागिता निभाई।

प्रवीण कुमार तिवारी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा हम जब देश-विदेश में जीवन की रक्षा हेतु चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू अभियानों पर निकलते हैं, तब माँ की कृपा ही हमें सकुशल लौटने की शक्ति देती है।

उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा एनडीआरएफ के सेवा संकल्प को माँ दुर्गा की शक्ति से प्रेरित बताया। रात्रि में वाहिनी परिसर में रावण दहन का आयोजन किया जाएगा, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह आयोजन न केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन है, बल्कि नैतिक मूल्यों की पुनः स्थापना का संदेश भी देता है। इस नव-दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में नरेश कुमार नामदेव (एसी/जीडी), राजेन्द्र कुमार (इंस्प./जीडी), विकास सिंह (एचसी/जीडी) एवं पुजारी संजय डोभाल का विशेष योगदान रहा, जिनकी निष्ठा और समर्पण ने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और भावपूर्ण बनाया।

# गांधी जयंती पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना में स्वच्छता व पौधरोपण



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में विशेष स्वच्छता व पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने की, जबकि थानाध्यक्ष सरिता मलिक, मिशन शक्ति टीम, एंटी रोमियो स्क्वॉड व पिंक बूथ टीम भी मौजूद रही। इस दौरान ऋषिपाल रोड पुलिया के पास सफाई अभियान चलाया गया, पौधारोपण किया गया और महिलाओं को सुरक्षा संबंधी अधिकार व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरुप पार्क जी0 टी0 रोड साहिबाबाद के प्रांगण में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष राम दुलार यादव ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विशन लाल गौड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि भूतपूर्व कर्नल अर्जुन सिंह यादव रहे। आयोजन समाजसेवी धीरेन्द्र यादव ने किया और संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्र ने किया।



कार्यक्रम में शामिल विद्वानों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों के सपनों का भारत बनाने के लिए हमें उनके विचारों को अपनाना होगा। कार्यक्रम में प्रमुख लोगों ने भाग लिया, जिनमें राम दुलार यादव, डा0 विशन लाल गौड़, अर्जुन सिंह यादव, अवधेश मिश्र एडवोकेट, फूलमती यादव, एच0 एल0 विद्यार्थी, वीरेन्द्र यादव एडवोकेट आदि शामिल थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को प्रासंगिक बनाना और लोगों को उनके सपनों का भारत बनाने के लिए प्रेरित करना था।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस लाइन में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि समारोह



## सीपी ने याद दिलवाया कर्तव्यनिष्ठा व संकल्प

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद द्वारा पुलिस लाइन्स गाज़ियाबाद में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीपी ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके जीवन मूल्यों सत्य, अहिंसा, सादगी एवं कर्तव्यपरायणता झ को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को पुलिस आयुक्त द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही पुलिस कर्मियों को अनुशासन, सेवा भावना एवं जनकल्याण के प्रति और अधिक सुदृढ़ प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

## थानों में भी याद किए गए गांधी-शास्त्री





करंट क्राइम : इस अवसर पर पुलिस सीपी ने विशिष्ट श्रेणी के कर्मचारियों को जैकेट भेंट कर उनके कार्यों की सराहना भी की। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध द्वारा पुलिस कार्यालय में समस्त सहायक पुलिस आयुक्तगण एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों एवं कार्यालयों में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ लेकर इन महापुरुषों के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# डेढ़ लाख के नकली नोटों की सप्लाई करने जा रहे दो गिरफ्तार

**खुर्जा।** पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये के नकली नोटों की गाजियाबाद सप्लाई करने जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 100 रुपये के 705 और 200 रुपये के 400 नोट बरामद हुए हैं। पिछले तीन महीने से यह गिरोह सक्रिय था। नोटों को खुदरा दुकानों पर चलाया जा रहा था।

एसपी देहात डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि खुर्जा कोतवाली की मिशन शक्ति की टीम और अन्य पुलिसकर्मी दशहरा पर्व के चलते बुधवार रात को ढाकर रोड पर चेकिंग कर रहे थे। उसी वक्त मुबारिकपुर गांव की ओर जाने वाले रजवाहे की पुलिया के पास बाइक सवार दो युवक आते हुए देखे गए। उन्हें रोककर तलाशी ली गई तो उनके पास से प्रिंटर और बड़ी मात्रा में नकदी मिली। जांच में पाया गया कि आरोपियों के पास से बरामद बाइक गौतमबुद्धनगर क्षेत्र से पिछले माह चोरी हुई थी। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान खुर्जा देहात के सीकरा गांव निवासी मुबीन और बिचौला गांव निवासी अंकित के रूप में हुई।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।